ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -14, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 365 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
20 जून 2024
गुरुवार

आज का मौसम
34 अधिकतम
26 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो


Page- 7

## स्पीकर पर राह आसान, डिप्टी पर भिड़ने के लिए तैयार इंडिया

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

लोकसभा के नए स्पीकर के मुद्दे पर राजनीति तेजी से घूम रही है। एनडीए के घटक दलों के बीच लगभग सहमति बनने की खबरें हैं। भाजपा के उम्मीदवार पर सहयोगी दलों का पूर्ण समर्थन मिल गया है। अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस मुद्दे पर विपक्ष के साथ सहमति बनाने पर जुटे हैं। एडीए का संख्या बल आम सहमति का इशारा कर रहा है लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच डिप्टी स्पीकर के मुद्दे पर टकराव होगा।



कारण यह है कि विपक्षी गठबंधन इंडिया सहमत होने तैयार नहीं है, क्योंकि उसका संख्या बल भी सत्ताधारी दल के आसपास ही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संसद सत्र के पहले विपक्षी दलों के नेताओं से सहमति बनाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। दरअसल पांच साल डिप्टी स्पीकर का पद खाली रहा है। कांग्रेस की तकलीफ है कि आजादी से अब तक यह परंपरा थी कि सरकार स्पीकर पद खुद रखती और डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को देती थी। पिछली सरकार ने यह परंपरा भी तोड़ दी थी।

अभी सरकार की पहली कोशिश विपक्ष के उन दलों के साथ तालमेल की है, जिनसे भाजपा के रिश्ते बेहतर रहे हैं और यह दल इंडिया गठबंधन में नहीं हैं। इनमें बीजेडी, बीआरएस और वाईएसआरसीपी शामिल हैं। इसके बाद दूसरे चरण में कांग्रेस सहित दूसरे दलों से सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## शराब में मेथनॉल, तमिलनाडु में 34 की मौत, कई गंभीर

**चैन्नई , एजेंसी।**

### सरकार ने कलेक्टर एसपी को हटाया



तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कल्लाकुरिचि के जिला कलेक्टर एमएस प्रशांत ने इसकी पुष्टि की है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। कल्लाकुरिची के जिला कलेक्टर एमएस प्रशांत ने जिले के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज करा रहे लोगों से मुलाकात की। हालांकि स्टालिन सरकार ने कलेक्टर व एसपी को हटा दिया है। इस मामले में 49 वर्षीय अवैध शराब विक्रेता के. कन्नुकुट्टी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से जब्त की गयी करीब 200 लीटर अवैध शराब की जांच में सामने आया कि उसमें घातक 'मेथनॉल' मौजूद था।

अब तक 109 लोग अस्पताल में भर्ती किए गए हैं, जिनमें से 30 की मौत अकेले कल्लकुरिची में हुई है. तीन को छोड़कर बाकी सभी का पोस्टमार्टम हो चुका है. जीवन रक्षक प्रणाली के साथ एम्बुलेंस समेत सभी सुविधाएं जुटाई गई हैं। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मौतों पर दुख जताया और कहा कि इसे रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है. उन्होंने कहा, 'अगर जनता ऐसे अपराधों में शामिल लोगों के बारे में जानकारी देती है तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी. समाज को बर्बाद करने वाले ऐसे अपराधों को सख्ती से दबाया जाएगा' तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने मौतों पर शोक व्यक्त किया और पीड़ितों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## आमिर के बेटे की फिल्म का उज्जैन में विरोध

**उज्जैन , एजेंसी।**




ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली फिल्म महाराज के विरोध में बुधवार को श्रीवल्लभ वैष्णव मंडल, महिला मंडल एवं युवा मंडल द्वारा उज्जैन के खाराकुआं थाने पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया है। बताया जाता है कि फिल्म महाराज में सनातन धर्म और उसके समावेशी भगवान विष्णु के अनुयायी वैष्णववाद के आचार्यश्री के साथ ही, सनातन हिंदू धर्म के वैष्णववाद एवं युवाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है। अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद खान का इस फिल्म से डेब्यू होने वाला है। विरोध करने वालों ने कहा, यह फिल्म वैदिक सनातन हिंदू धर्म को भटकाने और हिंदू धर्म के धर्म गुरुओं को खलनायक के रूप में चित्रित करने की मानसिकता से बनाई गई है। इस फिल्म में भगवान श्री कृष्ण पर भी अभद्र टिप्पणियां की गई हैं। दरअसल फिल्म 150 साल पहले के एक कोर्ट केस पर आधारित है, जब अंग्रेजों का शासन था वें हिंदू समाज को तोड़ना चाहते थे।

### छात्र का कुबूलनामा-रात को मिल गया था पेपर, फूफा ने कराई सेटिंग

# तंत्र में गड़बड़ी पर नाराजगी बढ़ी आरक्षण कोटे पर बिहार में ब्रेक




**पटना/नई दिल्ली,एजेंसी, एजेंसी।**

विवादित नीट की परीक्षा रोज नये खुलासे हो रहे हैं। कोर्ट का रुख भी सख्त है। अब इस में पेपर लीक केस का भी किस्सा सामने आ गया है। आरोपी अनुराग यादव का कुबूलनामा सामने आया है। उसने पुलिस के सामने दर्ज कराए बयान में कहा है कि जो प्रश्न पत्र लीक हुआ, वही परीक्षा में आया और 100 प्रतिशत वही सवाल परीक्षा में पूछे गए थे। प्रश्न पत्र एक दिन पहले ही आ गया था। अनुराग का कहना था कि फूफा ने सेटिंग करवाई थी और उसे कोटा से पटना बुलवाया था। रात में हर प्रश्न का उत्तर रटवाया गया था। परीक्षा के बाद पुलिस ने मुझे गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, 4 जून को नीट परीक्षा का रिजल्ट आया तो पहली बार



67 स्टूडेंट्स टॉपर बने और उन्हें 720 में से 720 अंक मिले. टॉपर्स की लिस्ट देखने के बाद नीट परीक्षा में धांधली का मुद्दा उठाया गया. 13 जून को एनटीए ने फैसला लिया कि ग्रेस मार्क्स वाले छात्रों की परीक्षा दोबारा आयोजित कराई जाएगी, लेकिन अभी भी छात्रों का गुस्सा थमा नहीं है. बिहार और गुजरात से सामने आई पेपर लीक की खबरों से एनटीए की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर कई सवाल खड़े हो गए हैं, इसीलिए छात्र मामले में CBI जांच की मांग कर रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने जारी किए नोटिस

**इधर सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से दायर याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया है। याचिका में नीट से संबंधित याचिकाओं को हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट स्थानांतरित करने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों में उच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगा दी तथा फिर दोहराया कि वह काउंसलिंग प्रक्रिया को नहीं रोकेगा। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने कुछ छात्रों की ओर से दायर याचिका पर केंद्र सरकार और एनटीए को भी नोटिस जारी किया। ये छात्र मेघालय परीक्षा केंद्र में उपस्थित हुए थे और कथित तौर पर उनके 45 मिनट बर्बाद हो गए थे। उनकी मांग है कि उन्हें उन 1563 छात्रों में शामिल किया जाना चाहिए, जिन्हें ग्रेस मार्क्स मिले थे।**

### नीतीश को झटका

## आरक्षण का दायरा 65 फीसदी तक करने का फैसला रद्द



बिहार में आरक्षण का दायरा बढ़ाए जाने के राज्य सरकार के फैसले को हाईकोर्ट से झटका लगा है। आरक्षण का दायरा 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फ़ीसदी किए जाने के राज्य सरकार के फैसले को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच ने राज्य सरकार द्वारा शिक्षण संस्थानों व सरकारी नौकरियों में एससी, एसटी, ईबीसी व अन्य पिछड़े वर्गों को 65 फीसदी आरक्षण देने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई में यह फैसला सुनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार के कानून को रद्द करने का आदेश दिया। इससे पहले याचिकाकर्ता गौरव कुमार और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर फैसला 11 मार्च को सुरक्षित रख लिया था।

दरअसल बिहार सरकार ने पिछले साल के अंत में विधानसभा के पटल पर राज्य के आर्थिक और शैक्षणिक आंकड़े रखे गए थे। सरकार ने यह भी बताया कि राज्य की सरकारी नौकरियों में किस वर्ग की कितनी हिस्सेदारी है। बिहार में सामान्य वर्ग की आबादी 15 प्रतिशत है और सबसे ज्यादा 6 लाख 41 हजार 281 लोगों के पास सरकारी नौकरियां हैं। नौकरी के मामले में दूसरे नंबर पर 63 फीसदी आबादी वाला पिछड़े वर्ग है. पिछड़ा वर्ग के पास कुल 6 लाख 21 हजार 481 नौकरियां हैं।

## मुख्यमंत्री आज अयोध्या में, कांग्रेस अमरवाड़ा मिशन पर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव आज अयोध्या प्रवास पर हैं। वे दिल्ली से आज अयोध्या पहुंचे हैं जहां वे महंत नृत्यगोपाल दास के 86वें जन्मोत्सव में शामिल हो रहे हैं। भाजपा नेता जयभान सिंह पवैया भी उनके साथ हैं। अयोध्या से शाम को यादव दिल्ली लौटेंगे और वहीं रात्रिविश्राम भी करेंगे।



इधर कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार आज छिंदवाडा जिले के अमरवाड़ा में विधानसभा उपचुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशी धीरेन शाह का नामांकन दाखिल कराने पहुंचे है। कांग्रेस के दर्जनभर विधायक भी यहां पहुंच रहे हैं। शाह को कमलनाथ के कहने पर टिकट दिया गया है। वे आदिवासी आस्था आंचल कुंडधाम की तीसरी पीढी के संत सुखरामदास के बेटे हैं। सेवादार परिवार को टिकट देकर कांग्रेस ने आदिवासी समाज का संपूर्ण समर्थन हासिल करने का दांव चला है। यह सीट कांग्रेस के टिकट पर छह महीने पहले जीते कमलेश शाह के भाजपा में शामिल होने पर खाली हुई है। कमलेश अब भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे है।

## आयुषी के वीडियो पर घिरीं प्रियंका

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) अभ्यर्थी आयुषी पटेल की ओएमआर शीट फटने का दावा फर्जी साबित होने पर भाजपा ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी को घेरा है। पार्टी ने कांग्रेस महासचिव से माफी मांगने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने की मांग की है। दरअसल, कुछ दिन पहले प्रियंका गांधी ने नीट यूजी की अभ्यथी आयुषी पटेल का एक वीडियो साझा किया था। आयुषी ने अपनी ओएमआर शीट के फटे होने का दावा करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में एनटीए के खिलाफ याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बृहस्पतिवार को आयुषी के याचिका के साथ लगाए गए दस्तावेज फर्जी पाए गए। इससे एनटीए को आयुषी के खिलाफ कार्रवाई की इजाजत भी मिल गई।

## ग्वालियर में आग से जिंदा जले पिता संग दो बच्चे



**ग्वालियर , एजेंसी।**

बीती रात बहोड़ापुर क्षेत्र में तीन मंजिला भवन में आग फैलने से पिता व दो बच्चों की मौत हो गई। आग की वजह शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। फायरब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग को काबू किया। पता चला है कि बाहर जाने का एक रास्ता बंद था, जबकि दूसरा रास्ता आग की लपटों से घिरा था। पुलिस के अनुसार मृतकों में एक व्यापारी और उनकी दो बेटियां शामिल हैं। आग लगने की घटना देर रात लगभग दो बजे के आसपास की है। इस घर में विजय गुप्ता का परिवार का ड्राई फ्रूट का कारोबार करता है। घर मे नीचे मेवे का गोदाम है, जबकि उसी भवन की ऊपरी मंजिल पर गुप्ता परिवार रहता था।

## मोरक्को की नौसेना ने अटलांटिक तट से 91 प्रवासियों को बचाया



**रबात।** मोरक्को की नौसेना ने अटलांटिक तट से 91 पश्चिमी अफ्रीकी प्रवासियों को बचा लिया है। एमएपी समाचार एजेंसी ने मोरक्को रॉयल सशस्त्र बलों के हवाले से बताया कि नौसेना इकाई ने दखला से 189 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में बुधवार को एक अभियान के दौरान उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका के तट से दूर स्पेन के द्वीपसमूह कैनरी द्वीप की ओर जा रही एक नाव को रोका, जिसमें अफ्रीकी प्रवासी सवार थे।

बयान के अनुसार, बचाए गए सभी प्रवासी उप-सहारा देशों से हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया और बाद में मानक प्रशासनिक प्रक्रियाओं के लिए मोरक्को रॉयल जेंडरमेरी को सौंप दिया गया।

**मेट्रो एंकर**

### जातिगत गणना की मांग के बीच अब स्किल सेंसस आइडिया....

# स्विटजरलैंड जैसा... नायडू का मशिवरा मानेंगे मोदी?

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

जातिगत गणना की पुरजोर मांग उठा रहे विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के बरक्स अब केंद्र की नरेंद्र मोदी एनडीए सरकार के सबसे बड़े सहयोगी दल के मुखिया चंद्रबाबू नायड़ चाहते हैं कि देश में युवाओं का स्किल सेंसस कराया जाए। यानि लोगों की कौशल सर्वे ( गणना ) हो। नायडू ने इंडिया गठबंधन के एजेंडे की आलोचना करते हुए कहा है कि जाति जनगणना के बजाय कौशल जन्गणना की ज्यादा जरूरत है। नायडू की यह योजना रंग लाती है तो इस तरह की जनगणना कराने वाला आंध्र प्रदेश देश का पहला राज्य होगा। यह गणना वर्कफोर्स की कैपेसिटी और खामियों को उजागर कर सकेगी। सोशल मीडिया पर नायडू की इस पहल का स्वागत हो रहा है। अब ज्यादातर लोग इसे पूरे भारत में लागू करने की बात कर रहे हैं। यानि मामला पीएम मोदी की मर्जी पर आकर ठहर रहा है।

दरअसल,कौशल के मामले में भारत में मिली-जुली स्थिति है। भारत में आधी से ज़्यादा आबादी 25 साल से कम उम्र की है। यह बहुत बड़ी संभावना है। हालांकि, भारतीय युवा बेरोजगारी और कम रोजगार के हाई रेट का सामना कर रहे हैं। बहुत से लोगों के पास डिग्री तो है, लेकिन उपलब्ध नौकरियों के लिए जरूरी कौशल की कमी है। यूं तो भारत में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना लागू है। सरकार ने इस योजना को जुलाई 2015 में शुरू किया गया था। इसके तहत 2020 तक एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) देने की योजना बनाई गई थी।

### बेरोजगारी चरम पर

एक मीडिया रिपोर्ट में पीरियड लेबर फोर्स सर्वे के हवाले से कहा गया है कि 2022-23 की स्थिति में ग्रेजुएट करने वाले युवाओं में बेरोजगारी की दर काफी ज्यादा है। इनमें 24 फीसदी के साथ आंध्र प्रदेश नंबर वन पर है। वहीं, बीमारू राज्यों में बेरोजगारी दर 16.6 फीसदी के साथ बिहार, 11 फीसदी के साथ उत्तर प्रदेश, 9.3 फीसदी के साथ मध्यप्रदेश और 23.1 फीसदी के साथ राजस्थान है। स्किल सेंसस से सटीक रूप से पता लग सकता है कि देश भर की अलग-अलग इंडस्ट्री में किस तरह के कौशल की कितनी कमी है।



### फिनलैंड में सबसे ज्यादा स्किल

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की ह्मून कैपिटल इंडेक्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में सबसे ज्यादा स्किल आबादी वाला देश फिनलैंड, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं, जो पहले, दूसरे और तीसरे पायदान पर हैं। इन देशों में प्राइमरी स्कूलों की व्यवस्था काफी अच्छी है। युवाओं की साक्षरता बेहद अच्छी है और ऐसी पढ़ाई या ट्रेनिंग दी जाती है, जो उन्हें हर तरह की स्किल के लिए तैयार करती है। यादि भारत के युवाओं को भी इस माडल पर तैयार किया जाए तो यह स्विट्जरलैंड या नॉर्वे जैसा बन सकता है।

## सम्मान समारोह...



भोपाल। राजधानी के छोला धर्म कांटा महाकाल गार्डन में कुशवाहा समाज के नवनिर्वाचित सांसद भरत सिंह कुशवाहा का कुशवाहा समाज द्वारा सम्मानित किया गया।

## करोंद में मेट्रो कार्य शुरू




भोपाल। सुभाष नगर से रानी कमलापति तक मेट्रो का काम पूरा होने के बाद एम्स रूट का काम चल रहा है। इधर, करोंद से एम्स रूट के सेकंड फेस में पुल बोगदा से लेकर ऐशबाग, सिंधी कॉलोनी और करोंद तक सात किमी मेट्रो का रूट तैयार करने काम शुरू कर दिया गया है। करोंद चौराहे से बैरसिया रोड और डीआईजी बंगला तरफ बीच में पिलर के लिए सड़क का डिवाइजेशन कर दिया गया है।

### मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के पांच मामलों में संज्ञान लिया

# डेढ़ माह से स्कूल का प्रवेश द्वार बंद, ननि आयुक्त को *निर्देश*-15 दिन में हो निराकरण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने भोपाल जिले के पांच मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला भोपाल शहर के शाहपुरा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का प्रवेश द्वार पिछले डेढ़ माह से बंद होने का है। स्कूल के सामने सड़क किनारे नाली निर्माण के लिये स्कूल का गेट तोड़ा गया है, जिसके चलते बच्चों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल के सामने नाली खुली होने के कारण स्कूली बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है। आयोग ने नगर निगम आयुक्त से मामले की जांच कराकर विद्यालय के मुख्य रास्ते पर स्थित बाधा को दूर करने के सम्बन्ध में की गई कार्यवाई का प्रतिवेदन 15 दिन में मांगा है।




### सड़कों के बीच ट्रांसफार्मर एवं खंभे, यातायात में बन रहे बाधक

**भोपाल जिले के संत हिरदाराम नगर में सड़क निर्माण के दौरान ट्रांसफार्मर एवं खंभे बीच सड़कों पर आ गये है। इस कारण यह खम्भे एवं ट्रांसफारमर यातायात में बाधक बन रहे है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने सीएमडी, म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण, क.लि., भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाई का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।**

### बीमार बुजुर्ग सास को घर से बाहर निकाला

भोपाल शहर में एक बीमार बुजुर्ग महिला को उसके बहू द्वारा गाली-गलौज करके घर से बाहर निकालने का मामला सामने आया है। इस संबंध में बुजुर्ग महिला ने एसडीएम कोर्ट में गुहार लगाई। आयोग ने कलेक्टर, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्वाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। इसके अलावा ऐशबाग थानाक्षेत्र में एक नाबालिग बालिका के साथ उसके फूफा द्वारा छेड़छाड़ करने के मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर से मामले की जांच कराकर की गई कार्वाई का प्रतिवेदन 15 दिन में मांगा है।

### खुलेआम शराबखोरी, पुलिस आयुक्त से जवाब तलब

*भोपाल शहर के महाराणा प्रताप नगर में पुलिस थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर शराब की दुकान में खुलेआम शराबखोरी होने का मामला सामने आया है। शहर में खुलेआम शराबखोरी करने पर सख्ती करने के आदेश एवं निर्देश होने के बावजूद आये दिन खुले में लोग शराब पी रहे है। मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्वाई का प्रतिवेदन 15 दिन में मांगा है।*

## किशोर न्याय अधिनियम की जागरूकता के लिए बैठक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
राजधानी स्थित सहायक आबकारी आयुक्त कार्यालय में किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के संबंध में जागरूकता प्रसारण के लिए एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें श्रुति जैन, प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड, भोपाल तथा डॉ. कृपाशंकर चैबे, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड के द्वारा जिला भोपाल के मदिरा अनुज्ञप्तिधारियों तथा कार्यपालिक आबकारी अधिकारियों को किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 77 एवं 78 में वर्णित प्रावधान अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को मदिरा विक्रय नहीं किये जाने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। बैठक में उपायुक्त पुलिस नीतू ठाकुर के द्वारा भी उक्त अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में जिला भोपाल के मदिरा अनुज्ञप्तिधारी एवं आबकारी स्टॉफ उपस्थित रहा। बैठक में उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता, भोपाल यशवंत धनौरा तथा कार्यक्रम के संयोजक सहायक आबकारी आयुक्त, भोपाल दीपम् रायचुरा के द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा - 22 एवं 23 की किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के प्रावधानों की सुसंगतता के साथ मदिरा अनुज्ञप्तिधारियों को निर्देशात्मक उद्बोधन दिए गए।

## आरएनटीयू और सहायक ट्रस्ट मुंबई के मध्य हुआ एमओयू

**भोपाल।** रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय और दी सहायक ट्रस्ट मुंबई के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है। इस एमओयू के तहत इंटर्नशिप कार्यक्रम में पोषण और जैविक रसोई उद्यान पर पांच दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में द सहायक ट्रस्ट के कार्यक्रम समन्वयक पीयूष सोनी, प्रमोद शिंदे, पोषण विशेषज्ञ आरती जैन और कृषि विशेषज्ञ अमन व्यास और आरएनटीयू के कुलपति प्रो. रजनी कांत, कृषि संकाय के डीन डॉ. एच डी वर्मा, सह-डीन डॉ. अशोक कुमार वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर प्रो. रजनी कांत ने कहा कि यह इंटर्नशिप कार्यक्रम कृषि छात्रों को पोषण और जैविक रसोई उद्यान के महत्व के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में मुंबई से आये विषय विशेषज्ञ ने विभिन्न विषयों पर जैविक न्यूट्रिशन उद्यान बनाने एवं उससे प्राप्त होने वाले न्यूट्रिशन के महत्व के बारे में पूर्ण प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में न्यूट्रिशनिस्ट ने सब्जी, खाद्यान्न एवं फल से प्राप्त होने वाले पोषक तत्व की उपलब्धता एवं कमी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए पोषक के महत्व को बताया।

### अफसरों को निर्देश संभावित स्थान चिंहित करें, पानी न रूके तैयारी कर लें

# बारिश में जलभराव को लेकर जोन की आपात बैठक

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**
बारिश में नगर निगम की तैयारियों को लेकर जोन एक में आपातकालीन बैठक हुई। जोनाध्यक्ष के न आने से बैठक की अध्यक्षता एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने की। पार्षद अशोक मारण, जोनल अधिकारी, यांत्रिक विभाग अधिकारी, जल विभाग अधिकारी, सीवेज अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, अतिक्रमण अधिकारी वार्ड प्रभारी एवं वार्ड दरोगा शामिल रहे।

बैठक में कहा गया कि संतनगर जोन में बारिश से पहले संभावित समस्याओं को हल किया जाना चाहिए। जोन के हर वार्ड में जहां-जहां जल भराव होता है उसे तत्काल देखा जाए और पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए। नाले-नालियों के कारण जलभराव न हो इसलिए साफ-सफाई की जाए। सीवेज चेम्बरों का खरखाव करने और ढक्कन न होने पर ढक्कन लगाए जाने के निर्देश दिए गए।



**अतिक्रमण का मुद्दा:** बैठक में मेन रोड एवं अंदर की सड़कों पर ठेला व्यवसाय द्वारा किये जा रहे अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त की गई। अतिक्रमण अधिकारी को अवैध अतिक्रमण हटाने एवं कार्यवाही करने को कहा गया। बारिश से पहले संतनगर साफ पानी सप्लाई में बाधा बनने वाले लीकेज को ठीक करने को कहा गया। साफ सफाई को लेकर भी स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा की एवं वर्षा के पूर्व सभी नाले नालियों की सफाई एवं शहर से तत्काल कचरा उठाने का निर्देश दिए गए। कांग्रेस पार्षद अशोक मारण ने जोनाध्यक्ष करिश्मा मारण के बैठक में न आने पर नाराजगी जताई।

# जॉब में सीरियस होने के साथ थोड़ा आमोद-प्रमोद भी जरूरी

### संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में विशेष सत्र में राव

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**
जब आप अपने आस पास ट्रस्ट और टीमवर्क को बनाते हैं, तो उसका नतीजा होता है कि संस्थान के सभी लोग लगन से कार्य करते हैं, जिससे एम्प्लोयी इंगेजमेंट, रिटेंशन एवं प्रोडक्टिविटी बढ़ती है। अपनी टीम के सदस्यों के इमोशन को समझना ही मैनेजमेंट है। ये विचार वन पॉइंट वन सोलूशन्स के चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर अश्विनी कुमार राव ने व्यक्त किए, वे संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित विशेष सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने फिश फिलासफी पर जोर देते हुए कहा कि अपने जॉब में सीरियस होने के साथ-साथ थोड़ा सा आमोद-प्रमोद भी जरूरी है। कस्टमर सर्विस को सबसे अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने को-वर्कर्स के साथ बेहतर तालमेल होना जरूरी है। उन्होंने छात्राओं से



आह्वान किया की भी हमेशा चीजों के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण रखें अपनी टीम के लिए हमेशा उपलब्ध रहें अपने कार्य के लिए ऊर्जा एवं पैशन को निरंतर बनाए रखें एवं नवाचार को प्रेरित करते रहें।

सत्र में वन पॉइंट वन सोलूशन्स की टीम मैनेजर संस्थान की एम.बी.ए. इंटीग्रेटेड की छात्रा ऋद्धा यादव ने बताया कि उनकी सफलता में सबसे अधिक योगदान संस्थान के शिक्षकों का है, जिन्होंने सीखने के लिए हर बार प्रेरित किया। पढ़ाई के साथ साथ समर इंटर्नशिप, इंडस्ट्री विजिट, कैम्पस ट्रेनिंग, मैनेजमेंट फेस्ट, क्लब एक्टिविटी जैसी गतिविधियों ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया। छात्राओं से कहा कि संस्थान में सीखने के लिए कई अवसर मिलते हैं, जिसका उन्हें हमेशा फायदा लेना चाहिए।

**मेट्रो एंकर**

### पंचायत पदाधिकारियों ने माधु चांदवानी के नाम पर सहमति बनाई

# सिंधी पंचायत का नया अध्यक्ष सभा में तय होगा

## 20 जुलाई को साधारण सभा की बैठक, महासचिव भी तय होगा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**
साबू रीझवानी के निधन के बाद पूज्य सिंधी पंचायत के नया अध्यक्ष का फैसला साधारण सभा की बैठक में होगा, जो 20 जुलाई को होगी। अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई पंचायत के मौजूदा पदाधिकारियों की बैठक में माधु चांदवानी के नाम का प्रस्ताव तैयार हो गया है, जो साधारण सभा में रखा जाएगा। सभा में नया महासचिव भी तय होगा।

पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी के निधन के बाद अध्यक्ष कौन को लेकर पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें कार्यवाहक अध्यक्ष भरत आसवानी, महासचिव मधु चाँदवानी, उपाध्यक्ष नन्द ददलानी, जगदीश आसवानी, मोहन मीरचंदानी, जेठानन्द मंगतानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचन्दानी, गुलाब जेठानी मौजूद व पदाधिकारियों मौजूद रहे। बैठक में पदाधिकारियों ने समाज को पूरा समय देने वाले शख्स को अध्यक्ष बनाने पर जोर दिया। मौजूदा महासचिव माधु चादवानी को अध्यक्ष की जिम्मेदारी देने का प्रस्ताव गुलाब जेठानी ने रखा जिस पर सभी ने सहमती भी दे दी है। बैठक में तय किया गया इसके लिए 20 जुलाई को साधारण सभा सदस्यों की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें पदाधिकारियों का प्रस्ताव रखा जाएगा। तब तक भरत आसवानी कार्यवाहक अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। चांदवानी के अध्यक्ष बनने के बाद महासचिव चुने हुए पदाधिकारियों (उपाध्यक्ष) में होने की संभावना जताई जा रही है।



### भरत हैं कार्यवाहक अध्यक्ष

**साबू रीझवानी के बाद अध्यक्ष पद का काम भरत आसवानी देख रहे हैं। वह चुनाव में सबसे अधिक मतों से जीतने वाले उपाध्यक्ष थे। मौजूदा पंचायत का अभी कार्यकाल डेढ साल बचा हुआ है। इसलिए कार्यवाहक की जगह नया अध्यक्ष तय किया जा रहा है।**

महासचिव बनने वाले का पद खाली होने पर बाहर से कोई नया चेहरा सामने आ सकता है। माधु चांदवानी का कहना है संविधान के हिसाब जो भी नया अध्यक्ष होगा, वह साधारण सभा के सामने नाम रखेंगा। जिस पर सहमति ली जाएगी।

# कार्रवाई का विरोध : मेन रोड पर ठेला वालों ने जाम लगाया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**
जोन की बैठक में संतनगर के मेन रोड पर हाथ ठेलों की समस्या पर चर्चा और अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई हुई। बैठक बाहर निकलते ही रोड पर खड़े ठेलों पर रखे सामान जब्त किया गया। हाथ ठेला वालों ने अपनी नाराजगी का इजहार अतिक्रमण अधिकारी के सामने किया। कार्रवाई के विरोध में चंचल चौराहे पर सड़क पर बैठ गए।



नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। उनका कहना था गरीब लोगों को परेशान किया जा रहा है। निगम को बताना चाहिए हम कहां रोजी रोटी के लिए खड़े होकर धंधा करें। मंडी में धंधा नहीं है। निगम अमला कभी भी हम पर कार्रवाई करता है, जबकि उसे बड़े अतिक्रमण नहीं दिखते।


दसवां अंतरराष्ट्रीय
योग दिवस-2024
'स्वयं एवं समाज के लिए योग'
'Yoga for Self and Society'
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
संपूर्ण प्रदेश में जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर
सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम
एवं
श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ
प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
द्वारा उद्‌बोधन
(वर्चुअल माध्यम से)
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
21 जून, 2024 । प्रातः 6 बजे
लाल परेड ग्राउंड, भोपाल
योग - विश्व को भारत का उपहार
• भारत योग विद्या की जन्मभूमि है, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य एवं जीवन के समग्र विकास में योग के प्रमाणित प्रभावों के दृष्टिगत हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र में योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाने का आह्वान किया गया।
• संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसे मान्य किया गया और तब से प्रत्येक वर्ष विश्वभर में 21 जून का दिन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है।
• योग सभी के लिए संभव है और सभी की मदद करता है।
• योग जीवन और मन को व्यवस्थित करने का आध्यात्मिक तरीका है।
श्रीअन्न (मिलेट्स) उत्पादन में अग्रणी मध्यप्रदेश
• रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में किसानों को कोदो-कुटकी उत्पादन पर प्रति क्विंटल रु. 1000 की प्रोत्साहन राशि।
• मिलेट्स उत्पादन का क्षेत्रफल 67 हजार हेक्टेयर से बढ़कर हुआ 1 लाख हेक्टेयर से अधिक।
• प्रदेश के बालाघाट, छिंदवाड़ा, जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडौरी, नरसिंहपुर और सिवनी जिले मिलेट्स उत्पादन में आगे।
" योग सही जीवन जीने का विज्ञान है। यह जीवन से जुड़े भौतिक, मानसिक, भावनात्मक, आत्मिक और आध्यात्मिक सभी पहलुओं पर कार्य करता है। आइये, आध्यात्मिक उन्नयन, शारीरिक व मानसिक सशक्तिकरण एवं 'ऊर्जावान व स्वस्थ भारत' के निर्माण हेतु योग को अपने जीवन में अपनाएं, इसके प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करने हेतु संकल्पित हों। "
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
D-11021/24
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@JansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश शासन

## संपादकीय

# नए कदमों का असर जरूरी

लोकसभा चुनाव के पहले और बाद तक चली सियासी सरगर्मियों के बाद अब मूल मुदों की तरफ सरकार का रूख है। ऐसे में मणिपुर का जिक्र भी उभर रहा है। जहां करीब एक साल से अशांति है। यहां शांति बहाली को लेकर केंद्र सरकार कुछ नये कदम उठाने लगी है। गृहमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में वहां सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाने, हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने और जल्दी ही मैतेई और कुकी समुदाय के लोगों के साथ बातचीत करने का फैसला किया गया। एक वर्ष से ऊपर हो गया वहां हिंसा होते, मगर न तो केंद्र और न राज्य सरकार ने कोई उल्लेखनीय कदम उठाया। इसे लेकर लगातार दोनों सरकारों पर अंगुलियां उठती रही हैं। पिछले वर्ष मई में जब वहां हिंसा भड़की, तब सेना की गश्ती बड़ा दी गई थी। इसका नतीजा यह हुआ कि हिंसा पर एकदम से काबू पा लिया गया था। मगर फिर महीने भर के भीतर ही फिर से हिंसा भड़क उठी थी। उपद्रवियों ने पुलिस शस्त्रागार से बड़े पैमाने पर हथियार लूट लिए, दोनों समुदाय घात लगा कर एक-दूसरे पर हमले करने लगे थे। उस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री ने वहां का दौरा किया था। तब भी उन्होंने हिंसा करने वालों को कड़ी चेतावनी दी थी, लूटे गए हथियार वापस करने का आह्वान किया था, मगर उसका कोई खास असर नहीं हुआ। तब से जैसे वहां के लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। राज्य सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही और केंद्र सरकार ने कोई कड़ाई नहीं दिखाई। इसका नतीजा यह हुआ कि बहुत सारे घर जला दिए गए, पूजा स्थलों को ध्वस्त कर दिया गया, साठ हजार से ऊपर लोग अपने घरों से विस्थापित होकर राहत शिविरों में रह रहे हैं, दो सौ से ऊपर लोग मारे जा चुके हैं, कई महिलाओं से सामूहिक बलात्कार किया गया, कुछ को निर्वस्त्र घुमाया गया। बावजूद सरकारें तमाशबीन नजर आईं। प्रधानमंत्री पर अक्सर आरोप लगता है कि वे आज तक मणिपुर पर कुछ नहीं बोले। इस स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए अपनी निगरानी में जांच समिति गठित की और राज्य पुलिस को कड़ी चेतावनी दी। मगर उसका भी कोई उल्लेखनीय नतीजा नहीं निकल पाया है। अब हालात यह है कि इंफल से ऊपर के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के लोग खुद अपनी सुरक्षा चौकियां बना कर पहरेदारी करते हैं। राहत शिविरों में रह रहे लोगों को न तो ढंग का भोजन मिल पाता है, न पीने का पानी, न स्वास्थ्य सुविधाएं। बच्चों की पड़ाई-लिखाई सब कुछ बाधित है। इस तरह एक पूरे राज्य के लोगों को उनके हाल पर छोड़ देना किसी भी कल्याणकारी सरकार की जवाबदेही पर स्वाभाविक ही सवाल खड़े करता है। इसे लेकर ही हाल में राष्ट्रीय स्वरंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी कुछ दिनों पहले सरकार की कड़े शब्दों में निंदा की है। शायद उसी का असर है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मणिपुर की सुरक्षा को लेकर फिक्र जताई है। लोकसभा चुनाव में मणिपुर के हालात की अनदेखी के नतीजे भी सामने हैं। विपक्ष लगातार सत्तापक्ष को घेरता रहा है। नई सरकार में अब विपक्ष इसे और मजबूती के साथ उठाता, इसलिए भी संसद का सत्र शुरू होने से पहले सरकार ने मणिपुर पर बैठक बुलाई और कड़ाई से पेश आने का आश्वासन दे दिया। अब काबिलेगौर होगा कि मणिपुर के लोगों के दर्द को लेकर सरकारें कितनी गंभीर है।

कितनी भी सिद्धियाँ हासिल कर लो, इन्द्रपद पा लो लेकिन यदि संयम जीवन में नहीं है तो कोई लाभ नहीं, आत्मसाक्षात्कार नहीं होगा। संयम जीवन में बहुत आवश्यक है।

## आज का इतिहास

- 1978 इज़राइल रक्षा बल लेबनान से हटा लिया गया। दक्षिण लेबनान संघर्ष लिटनी नदी तक लेबनान पर आक्रमण था, जो कि तटीय सड़क नरसंहार के जवाब में 1978 में इज़राइल रक्षा बलों द्वारा किया गया था। इस संघर्ष के परिणामस्वरूप लेबनान के उत्तर में से 250,000 लोगों के आंतरिक विस्थापन और पीएलओ बलों की मृत्यु हो गई।
- 1981 इंग्लिश किशोरी मार्कस सरजेनट ने क्वीनएलीज़बेथ द्वितीय में छह खाली शॉट लगाए क्योंकि वह मॉल ऑफ द ट्रूपिंग द कोलोरिसन में सवार हुई।
- 1982 फहद सऊदी अरब के बादशाह बने, अपने सौतेले भाई खालिद को बाद की मौत के बाद उत्तराधिकारी बनाया।
- 1982 1982 का फीफा विश्व कप स्पेन में शुरू किया गया।
- 1983 पायनियर 10 (पायनियर पट्टिका चित्र) नेपच्यून की कक्षा से गुजरी, सौर मंडल के ज्ञात ग्रहों से परे यात्रा करने वाली पहली मानव निर्मित वस्तु बन गई
- 1991 यू.एस. ओपन में दर्शक को बिजली से मरा।
- 1993 किम कैंपबेल कनाडा की पहली महिला प्रधानमन्त्री बनीं।
- 1996 जॉर्डन, मोंटाना, अमेरिका में अपनी बंद संपत्ति को बेदखल करने से इनकार करने के 81 दिनों के गतिरोध के बाद, क्रिश्चियनपैट्री समूह के मोंटाना फ्रीमैन ने एफबीआई के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।
- 2005 पॉप गायक माइकल जैक्सन को 13 साल के बच्चे के यौन उत्पीड़न मामले में बरी कर दिया गया था।

## निशाना

### है प्रदर्शन काल!



- कृष्णेन्द्र राय

रस्साकस्सी चल रही।<br>
किसको दें कमान ?<br>
सबकी है प्रतिष्ठा।<br>
और सबका सम्मान ।।<br>
अपनी-अपनी शक्ति का।<br>
है प्रदर्शन काल ।।<br>
कौन कौन है एकजुट।<br>
है बड़ा सवाल ।।<br>
खुल रही है कलई।<br>
छिड़ा घमासान ।।<br>
सबकी इच्छा बलवती।<br>
छू लें आसमान ।।<br>
है भविष्य के गर्भ में।<br>
होगा कब कमाल ?<br>
है बड़ा दिलचस्प।<br>
गलनी किसकी दाल ।।

# यूरोप: राष्ट्र की ओर वापसी, क्योंकि उदारवाद के साथ लोगों की नहीं है सहज सहमति

■ एस प्रसन्नराजन



ऐसा नहीं है कि यूरोप में कोई नया भूत मंडरा रहा है। यूरोपीय संसद के चुनावों के बाद शुरुआती डर तो ऐसा ही दर्शा रहा है। दरअसल बात सिर्फ इतनी है कि वह केंद्र, जिस पर लंबे समय से उदारवादियों का कब्जा था, यूरोप के दो प्रमुख देशों में उग्र दक्षिणपंथी लहर के चलते ढह गया है। फ्रांस में मैरीन ली पेन के नेतृत्व में नेशनल रैली के शानदार प्रदर्शन ने यूरोप के मध्यमार्गी नेता इमैनुएल मैक्रों को भयभीत कर दिया है, जिन्होंने महाद्वीप की उदारवादी आत्मा के संरक्षण को इस कदर अपनी राजनीतिक जिम्मेदारी मान ली कि उन्होंने शीघ्र संसदीय चुनाव कराने तक का आह्वान कर दिया है।जर्मनी में सत्तारूढ़ सोशल डेमोक्रैट्स ने अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) की तुलना में बहुत खराब प्रदर्शन किया है। अन्य जगहों पर दक्षिणपंथ को मामूली बढ़त मिलने के बावजूद यूरोप ने खुद को पूरी तरह से उग्र दक्षिणपंथ के हवाले कर दिया हो, ऐसा नहीं है। अभी तक तो नहीं। फिर भी महाद्वीप की लोकप्रिय पसंद यानी उग्र दक्षिणपंथ उदारवादी व्यवस्था की कमजोरी और जन असंतोष को समझने में उसकी विफलता को दिखा रही है। आधुनिक फ्रांस का मूल कहे जाने वाले अति राष्ट्रवादियों यानी ली पेन के उत्तराधिकारियों ने मैक्रों के मध्यमार्गी पुनर्जागरण पर विजय हासिल कर उदात्त उदारवाद द्वारा निर्मित आदर्श को तो खंडित किया ही है, एक अस्थिर राष्ट्र को थामे रखने वाले 'मूल निवासियों' की उग्र भावनाओं को भी उजागर किया है। जर्मनी में उग्र दक्षिणपंथ अपराध-बोध की उत्तर-नाजी राजनीति द्वारा संस्थागत रूप से वर्जित राष्ट्र का प्रतिरूप है। उग्र दक्षिणपंथियों के लिए अपराध-बोध को साझा करने से इन्कार करना हिटलर के निरंकुश नेतृत्व का समर्थन नहीं है, यह एक क्रूर इतिहास से उधार ली गई नफरत के बोझ के बिना राष्ट्र की ओर वापसी है।

हंगरी और पोलैंड पहले से ही पुनर्जीवित राष्ट्रवादियों के चंगुल में हैं। उदारवादियों की चिंताएं दक्षिणपंथी आक्रोश की तरह ही बढ़ी हुई हैं। इस स्थिति की सबसे स्पष्ट व्याख्या बौखलाए हुए उदारवादियों व मध्यमार्गियों की तरफ से मिलती है, जो पूरा दोष लोगों पर मढ़ देते हैं कि आज लोग यही सब पसंद कर रहे हैं। विचारधाराओं के मलबे से उपजे राजनेताओं पर यह विचार बिल्कुल सटीक बैठता है, जो थके हुए वाम व दक्षिणपंथी अभिजात्यवाद द्वारा त्यागे गए लोगों के डर का फायदा उठाते हुए राष्ट्र की मुक्ति को लेकर एक नए किस्म के मसीहावाद की छवि गढ़ रहे हैं। पश्चिमी उदारवादी इस तथ्य से इन्कार करते हैं कि वे उस समाजशास्त्र के सह-लेखक हैं, जिसने कथित लोकप्रिय लहर को बढ़ावा दिया है। जैसे-जैसे उत्तर-वैचारिक दुनिया में 'वर्ग' राजनीतिक विवाद के रूप में फिर से उभरा, अभिजात वर्ग के खिलाफ नाराजगी अनिवार्य हो गई।

यह अभिजात वर्ग, चाहे वह वामपंथी हो या दक्षिणपंथी, सत्ता में इस कदर मशगूल था कि वह स्थायी प्रतिष्ठान के खिलाफ भौगोलिक ताकत को महसूस ही नहीं कर पाया। जब ब्रेग्जिट ने एकीकृत यूरोप की कमजोरी को उजागर कर दिया, तो मूल निवासियों के बदला लेने का क्षण आ गया। जब इंग्लैंड ने अंग्रेज होने के अपने सुकून को वापस पा लिया, तो यह विचार और संस्कृति के मामले में यूरोप को खारिज करना नहीं था, बल्कि ब्रुसेल्स स्थित पोलित ब्यूरो को जवाब देना था। बाद में डोनाल्ड ट्रंप ने तो नीचे से ऊपर उठने वाले नाराज राष्ट्रों के आख्यान को बढ़ावा ही दिया।

यूरोपीय राष्ट्रवादियों ने पहले ही शिकायत एवं गर्व की राजनीति को सामान्य बना दिया है। हंगरी और पोलैंड जैसे दो उत्तर-साम्यवादी समाजों में सत्ता में आने के बाद, जहां स्वाभाविक तौर पर स्वतंत्रता को उदारवाद के विपरीत माना जाता था, कट्टरपंथी राष्ट्रवादियों ने राजनीति को एक सांस्कृतिक खोज बना दिया। और जहां भी उनका संघर्ष सत्ता के विरुद्ध था, उन्होंने राष्ट्र के रक्षक की भूमिका निभाई, जबकि उदार अभिजात वर्ग लगातार निराशा फैला रहा था, जैसा कि फ्रांस और जर्मनी में हुआ। इसके अतिरिक्त, अप्रवासन एक ऐसा मुद्दा है, जिसका दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। एक तर्क और आदर्श के रूप में, राष्ट्र के लिए एक खतरे के रूप में और एक ऐतिहासिक स्मृति के प्रति कृतज्ञता के रूप में अनियंत्रित अप्रवासन एकमात्र ऐसा मुद्दा है, जो आज पश्चिम में किसी का राजनीतिक भाग्य बना या बिगाड़ सकता है-चाहे वह वामपंथी हो, उदारवादी हो या रूढ़िवादी हो। यूरोपीय संसद के चुनावों में उग्र दक्षिणपंथियों ने उदारवादियों और मध्यमार्गियों से अवैध या वैध अप्रवासन के लिए स्पष्टीकरण मांगा। यह उस पुराने सवाल की वापसी है कि हम कौन हैं? उग्र दक्षिणपंथ की ओर से प्रतिशोध के साथ आया यह सवाल उदारवादी व्यवस्था को एक सहज सहमति में बदलने वाली हर चीज को पुनर्मूल्यांकन के योग्य बनाता है। यदि पश्चिम के सांस्कृतिक निर्माण को अप्रवासन की कहानी के बगैर नहीं समझा जा सकता है, तो बहुसंस्कृतिवाद की इसकी स्वीकार्यता को इसकी अपनी संस्कृति में विश्वास के रूप में देखा जाता है। आज उदार आदर्शवाद को उन राष्ट्रों द्वारा चुनौती दी जा रही है, जिनका पुनर्जन्म दक्षिणपंथी कट्टरता के बल पर हुआ है। घर एक अटूट सांस्कृतिक वक्तव्य है और अब लोग इसका अर्थ समझने लगे हैं।

रूढ़िवादियों के लिए भी यह बेहद जरूरी है। आखिरकार, उदारवादी होने का अर्थ अनिवार्य रूप से वामपंथी या प्रगतिशील होना नहीं है। नवंबर में ट्रंप के दोबारा सत्ता में आने और सुनक के जुलाई में हारने की संभावना हमारे समय की रूढ़िवादी कहानी के दो बिल्कुल अलग नजरिये को बयां करती है। अटलांटिक के एक तरफ दक्षिणपंथी बहुत नीचे से आने वाली फुसफुसाहटों को सुनते हैं, तो दूसरी तरफ रूढ़िवादियों ने जनादेश को बर्बाद करने की कला में महारत हासिल कर ली है, जिसे ब्रेग्जिट वोट में बेहद दुस्साहसपूर्वक नवीनीकृत किया गया था। फिर भी ये उदारवादी ही हैं, जो केंद्र में फंसे हैं, उन्हें अपनी घबराहट से छुटकारा पाकर राष्ट्र से संवाद करना सीखने की जरूरत है। उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं है, सिवाय अपनी अप्रमाणिक दलीलों के।

**– साभार: यह लेखक के विचार हैं।**

# रक्षा क्षेत्र: नयी सरकार के समक्ष ज्वलंत सुरक्षा चुनौतियां

■ डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव

नवगठित एनडीए सरकार में राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्री बनाया गया है। वे पिछली सरकार में भी रक्षा मंत्रालय का कामकाज देख रहे थे। रक्षा मंत्री के तौर पर दूसरे कार्यकाल में राजनाथ सिंह के लिए अग्निपथ योजना की समीक्षा करके उसे आकर्षक बनाने का काम अत्यन्त सामयिक एवं ज्वलंत है। इसके अलावा सैन्य सुधारों को लागू करना, इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड का गठन, हथियारों के आयात में कमी करना, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाना, पाकिस्तान व चीन सीमा पर बने तनाव से निपटने के रास्ते निकालने की जिम्मेदारी के साथ ही रक्षा बजट अधिक करवाना है।

अग्निपथ योजना के तहत भर्ती होने को लेकर युवाओं ने शुरुआत से ही नाराजगी जाहिर कर दी थी। यह बात अलग है कि बाद में नवयुवक इस योजना में भर्ती होने लग गए थे। सेवानिवृत्त सैनिकों ने इस योजना का विरोध करते हुए सवाल उठाए थे। इसके अलावा कुछ विपक्षी दलों ने अग्निपथ योजना का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। उल्लेखनीय है कि इस योजना में युवाओं को चार साल के लिए भर्ती किया जाता है। इस योजना के 25 प्रतिशत जवानों को ही स्थाई होने का अवसर मिलेगा। शेष जवानों को अन्य क्षेत्रों में रोजगार तलाशना पड़ेगा। स्थाई सैनिकों की तुलना में इन्हें केवल 30 दिन की छुट्टी मिलती है। अब इस योजना में सुधार को लेकर सेना के भीतर से ही कुछ सुझाव मिले हैं। इसलिए इसकी समीक्षा किए जाने की बात चल रही है। रक्षा मंत्री पहले ही कह चुके हैं कि अग्निपथ योजना में यदि बदलाव की आवश्यकता हुई तो वे करने को तैयार हैं।

सैनिक सुधार करना सरकार के एजेंडे में शामिल है। सैन्य सुधारों में सबसे प्रमुख सेना के तीनों अंगों थल सेना, वायु सेना एवं नौसेना को मिलाकर एकीकृत थिएटर कमांड का गठन करना है। इसमें नए सेनाध्यक्ष की भूमिका प्रमुख होगी। विदित हो कि मोदी सरकार के नेतृत्व में वर्ष 2019 में थिएटर कमांड बनाए जाने का निर्णय हुआ था। उसी समय जनरल बिपिन रावत को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बनाया गया था। इस योजना का उद्देश्य छोटी-बड़ी लड़ाइयों के समय अपने निश्चित सामरिक लक्ष्यों के साथ विशिष्ट शत्रु आधारित थिएटरों में संयुक्त अभियानों के लिए थल सेना, वायु सेना एवं नौसेना को एकीकृत करना है। भारतीय सशस्त्र बल थिएटर कमांड के गठन की तैयारियों को पूरा करने में लगे हुए हैं। वर्ष 2019 से अब तक की अवधि में निचले स्तर पर सेवाओं को एकीकृत करने के कुछ प्रयास किए गए हैं। बीते पांच वर्षों में थिएटर कमांड के लिए उत्तम संभव मॉडल पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए अनेक मसौदे तैयार किए गए। अब सरकार गठन के बाद इस पर विचार किए जाने की उम्मीद है। मार्च, 2024 में स्वीडन स्थित स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) यानी सिपरी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भारत संसार के शीर्ष हथियार आयातक देशों में शामिल है। यह संस्था दुनियाभर में हथियारों की खरीद-फरोख्त पर नजर रखती है और प्रतिवर्ष अपनी रिपोर्ट जारी करती है। सिपरी की रिपोर्ट में बताया कि भारत ने 2019 से 2023 तक पांच वर्षों में दुनिया से 9.8 फीसदी हथियार आयात किए। आवश्यक है कि हथियारों के मामले में दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता कम की जाए। यह कार्य कैसे किया जाए इससे रक्षा मंत्री को निपटना होगा। बीते दो दशकों से मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया पर जोर दिया है। इसी अभियान के तहत रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता को काफी बढ़ावा दिया गया है। परिणाम यह हुआ कि भारत के रक्षा उद्योग में सैन्य साजो-सामान का उत्पादन काफी बढ़ गया है। स्वदेशी तकनीक से बनी मिसाइलों, हल्के लड़ाकू विमान तेजस, ध्रुव हेलीकॉप्टर, स्कॉरपियन श्रेणी की पनडुब्बियों ने देश के रक्षा क्षेत्र को काफी आगे बड़ा दिया है। इस कारण भारत के रक्षा निर्यात में काफी बढ़ोतरी हो गई।




पिछले वित्तीय वर्ष में भारत का सैन्य निर्यात 21083 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। फिलीपींस, पोलैण्ड तथा अफ्रीकी देशों ने भारत निर्मित मिसाइलों, विमानों और हेलीकॉप्टरों की खरीद में रुचि दिखाई है। जरूरत है, भारत का रक्षा मैन्युफैक्चरिंग इतना आगे बढ़े कि रक्षा आयात कम किया जा सके। रक्षा मंत्री को पाकिस्तान व चीन की सीमा पर मिलने वाली चुनौतियों से निपटने की सैन्य तैयारियां भी ब?ानी हैं। जहां पाकिस्तान भारतीय सीमा के नजदीक किसी भी युद्ध संबंधी स्थिति से निपटने के लिए चीन की मदद से बंकर तैयार करने के साथ-साथ अत्याधुनिक हथियार ले रहा है वहीं दूसरी तरफ चीन के साथ भी तनाव बना हुआ है। वर्ष 2020 में पैदा हुए तनाव के बाद से अभी तक 21 दौर की वार्ता के बाद भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। अप्रैल, 2020 से पहले की स्थिति बहाल नहीं हुई। इसीलिए चीन व पाकिस्तान की सीमा पर जवान डटे हुए हैं। रक्षा मंत्री के लिए एलएसी तथा एलओसी पर शांति व स्थिरता बनाए रखने की चुनौती होगी। देश की रक्षा चुनौतियों से निपटने लिए धन की अधिक आवश्यकता होती है। रक्षा मंत्री के लिए वित्त मंत्री से अधिक रक्षा बजट की मांग पूरी करवाना भी विशेष कार्य रहेगा। भारत का रक्षा बजट रक्षा चुनौतियों के हिसाब से हमेशा कम रहा है। भारत का रक्षा बजट 74 अरब डॉलर के लगभग है। दुनिया के प्रमुख देशों के रक्षा बजट के हिसाब से भारत चौथे नम्बर पर है। चीन का रक्षा बजट भारत से तीन गुना से ज्यादा है। अधिक रक्षा बजट होने पर ही भारत अत्याधुनिक हथियारों के निर्माण के बाद अन्य देशों के बराबर पहुंच सकेगा।

**– साभार**

# समय बड़ा बलवान

## कबाड़ बन गए स्पेस शटल



कजाकिस्तान के बैकोनूर कॉस्मोड्रोम में एक हैंगर में सोवियत युग के बुरान स्पेस शटल कबाड़ में बदल गए हैं। इनमें से एक को अंतरिक्ष में उड़ान भरने के लिए तैयार किया गया था। ये शटल वर्षों से धूल खा रहे हैं। यह स्थान आम जनता के लिए खुला हुआ नहीं है। फ्रांसीसी फोटोग्राफर डेविड डी रुएडा ने 2015 से 2017 के बीच तीन बार इस साइट का दौरा किया था और इसकी तस्वीरें ली थीं। **– साभार**

# खोजनपुर आंगनबाड़ी का किया गया आकस्मिक निरीक्षण



## जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र पहुंच कर किया बच्चों के वजन और ऊंचाई का सत्यापन

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

बुधवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया द्वारा नर्मदापुरम ग्रामीण के आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम खोजनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका एवं विभिन्न हितग्राही आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित थे। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा हितग्राहियों से बच्चों के नाश्ता भोजन व टेक होम राशन वितरण संबंधी जानकारी प्राप्त की एवम इसी दौरान केंद्र पर उपस्थित बच्चों का वजन एवम ऊंचाई का मापन कराकर कार्यकर्ता द्वारा पोषण ट्रेकर में दर्ज वजन एवं ऊंचाई का सत्यापन किया गया। कार्यकर्ता को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शुद्ध वजन एवं ऊंचाई पोषण ट्रेकर में दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया। ज्ञातव्य है कि सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से 18 से 28 जून के मध्य 0 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन व ऊंचाई अभियान पूर्वक दर्ज की जा रही है।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रधान आरक्षक बोहरे को एसपी ने किया सम्मानित



**नर्मदापुरम।** जिले के पुलिस महकमे में पदस्थ प्रधान आरक्षक रवीश बोहरे ने अयोध्या उ.प्र. में आयोजित प्रथम अंतराष्ट्रिय मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधान आरक्षक बोहरे द्वारा 04 जून 2024 से 07 जून 2024 तक डां. भीम राव अंबेडकर इंटरनेशनल स्पोर्ट स्टेडियम अयोध्या में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृस्ट प्रदर्शन करने पर पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह द्वारा प्रधान आरक्षक को सम्मानित किया गया।

# वाजपेई बने जेसीएम 3 सदस्य



**इटारसी।** आयुध निर्माण इटारसी में जेसीएम 3 सदस्य के लिए अमित बाजपेई को भारतीय प्रतीक्षा मजदूर संघ द्वारा मनोनीत किया गया। आयुध निर्माणी इटारसी के 46 साल के इतिहास में किसी कर्मचारी प्रतिनिधि को पहली बार यह नियुक्ति मिली है।

वाजपेई आयुध निर्माणी का मुख्यालय कोलकाता में कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करेंगे आयुध निर्माणी इटारसी (जेसीएम 3 सदस्य)का प्रतिनिधित्व देने के लिए कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर बीएमएस यूनियन की ओर से अध्यक्ष अतुल सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र मेघवाल, महामंत्री कुलदीप चौधरी,जेसीएम सदस्य सुखविंदर सिंह, राजेश रोशन एवं कार्य समिति की ओर से कृष्णा शर्मा, योगेश पटेल अनिल कुमार ने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

### शत प्रतिशत जांच कराने वाली पंचायतें सम्मानित

# केसला में सिकल सेल एनीमिया स्वास्थ्य शिविर में 158 नागरिकों की हुई जांच

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** बुधवार को विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर महामहिम उपराष्ट्रपति तथा राज्यपाल का डिंडोरी जिले के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नर्मदापुरम जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं एवम ग्राम पंचायत भवनों में देखा गया। इस अवसर पर जिले के आदिवासी विकासखण्ड केसला के मंगल भवन में कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में, जिला पंचायत सदस्य श्रीमति ज्योति पटेल, विघायक प्रतिनिधि ब्रजकिशोर पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम कलमें, सरपंच केसला श्रीमति धनिया बाई, सीईओ जिला पंचायत एस.एस. रावत, डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर, सीएमएचओ डॉ.दिनेश देहलवार, सीबीएमओ डॉ.आर एस. मीना, बीएमओ डॉ.सपन गोयल, सीईओ जनपद पंचायत रंजीत सारंग, सीडीपीओ योगेश घाघरे, बीईओ श्रीमति आशा मोर्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुखतवा के ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में विशाल जिला स्तरीय सिकल सेल एनिमिया परीक्षण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में 158 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया 61 सिकल सेल एनिमिया परीक्षण किये गये जिसमें से 02 केरियर पाऐं गए। कार्यक्रंम में विधायक प्रतिनिधि के द्वारा सिकल सेल एनिमिया के शतप्रतिशत परीक्षण में उपलब्धि पर, भातना, भरगदा, पथरोटा, देहरी एवम केसला पंचायत को सम्मानित किया गया।



सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने बताया कि सिकलसेल एनीमिया वंशानुगत रक्त विकार के रोग का एक रूप है इसमें लाल रक्त कोशिकाओं का आकार बदल जाता है जो रक्त प्रवाह को अवरुद्ध करती हैं। शुरुआती पहचान और नए उपचारों की बदौलत सिकलसेल एनीमिया से पिडित लगभग आधे लोगों का जीवन बचाया जाना संभव हो पाया है। यह बीमारी पिडित लोगों को उनके जैविक माता-पिता से विरासत में मिलती है। इसमें सामान्य लाल रक्त कोशिकाओं को बनाने में मदद करने वाला जीन बदल जाता है। जिन लोगों को दोनों जैविक माता-पिता से यह जीन विरासत में मिलता है उनमें सिकल सेल एनीमिया होता है, जिन लोगों को एक जैविक माता-पिता से यह जीन विरासत में मिलता है उनमें सिकल सेल विशेषता होती है। डॉ0 देहलवार ने यह भी बताया कि लोगो में सिकल सेल रोग या सिकल एनीमिया के बिना भी सिकल सेल विशेषता हो सकती है, रक्त परीक्षण करवा कर ही सिकल सेल एनीमिया का पता लगाया जा सकता है।

## अनुवांशिक बीमारी सिकल सेल का समय पर ईलाज जरूरी है: राज्यमंत्री पटेल



**रायसेन, दोपहर मेट्रो।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर रायसेन स्थित जिला चिकित्सालय में जिला स्तरीय सिकल सेल एनीमिया हेतु जागरूकता कार्यक्रम लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल तथा सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा की पूजा-अर्चना तथा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सिकल सेल अनुवांशिक बीमारी है और इसका समय पर इलाज बहुत जरूरी है। इसकी रोकथाम एवं उपचार के लिए मध्यप्रदेश में 'राज्य हिमोग्लोबिनोपैथी मिशन' संचालित किया जा रहा है। सिकल सेल रोग यदि माता-पिता को होगा तो बच्चों में भी आएगा। सरकार इस अनुवांशिक रोग सिकल सेल एनीमिया पर अंकुश लगाने के लिए प्रयासरत हैं। जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और नागरिक भी इस रोग के प्रति जागरूकता लाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने बताया कि पूर्व में जिले में भी चिन्हांकित ग्राम पंचायतों में नागरिकों का सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग का कार्य किया जा चुका है, जिनमें सभी की स्क्रीनिंग रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुई है।

# शैक्षणिक सामग्री क्रय के लिए पालकों पर अनुचित दबाव न बनाया जाए: दिए निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** निजी स्कूलों द्वारा पाठ्यपुस्तकों, यूनिफार्म एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री के क्रस करने के लिए पालकों पर अनुचित दबाव न बनाया जाये। इस आशय के निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विगत दिवस जारी किये गये है। स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव ओ एल मण्डलोई ने समस्त कलेक्टर को पत्र के माध्यम से कहा है किकतिपय स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा एनसीईआरटी, एससीईआरटी से संबंधित पुस्तकों के साथ अन्य प्रकाशकों की अधिक मूल्य की पुस्तकें एवं अन्य सामग्री क्रय करने के लिए पालकों पर अनुचित दबाव बनाया जाकर विषयवार एनसीईआरटी,सीबीएसई,एससीईआरटी मुद्रित व निर्धारित पाठ्यक्रम की पाठ्य पुस्तकों के स्थान पर अन्य प्रकाशकों की



पाठ्य पुस्तकों को चयन कर अभिभावक को दुकान विशेष,निर्धारित स्थान से पाठ्य पुस्तकों व अन्य शैक्षिक सामग्री अथवा यूनिफार्म क्रय करने के लिए अप्रत्यक्ष रूप से बाध्य किया जा रहा है।

स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव द्वारा विगत दिवस जारी निर्देश में निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम, 2017 के तहत म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 के तहत संज्ञान में लिया जाये। म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 में स्पष्ट उल्लेख है कि निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावक को पुस्तके, यूनिफार्म, टाई, जूते कॉपी आदि केवल चयनित विकताओं से कय करने के लिए औपचारिक अथवा अनौपचारिक किसी भी रूप में बाध्य नहीं किया जाएगा छात्र या अभिभावक इन सामग्रियों को खुले बाजार से कय करने के लिए स्वतंत्र होंगे। इस आशय की शिकायते प्राप्त होने की स्थिति में नियम 2020 के नियम 9 में वर्णित प्रक्रिया का पालन करते हुए संबंधित विद्यालय के विरुद्ध आवश्यक शास्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही की जाये।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के सत्यापन की सतत् प्रक्रिया, 85 प्रतिशत हितग्राहियों का पूर्ण

**रायसेन।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर सत्यापन एक सतत् प्रक्रिया है। इसके तहत प्रदेश में 46 लाख 13 हजार 671 हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर eKYC किया जा रहा है। eKYC में एक लाख 17 हजार 603 हितग्राहियों का पुनः सत्यापन जिलेवार 15 जुलाई 2024 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्र एवं राज्य सरकार की वृद्ध, विधवा, दिव्यांगजन सहित 6 प्रकार की पेंशन योजनाएँ संचालित की जाती हैं, जिनका ऑनलाइन क्रियान्वयन पेंशन पोर्टल के माध्यम से किया जाता है। भारत सरकार के निर्देशानुसार उक्त योजनाओं के हितग्राहियों का आधार ई-केवाईसी अप्रैल 2023 से निरंतर जारी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत लगभग 85 प्रतिशत हितग्राहियों का सत्यापन किया जा चुका है। शेष हितग्राहियों के लिये सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। आधार eKYC के उपरांत पात्र हितग्राहियों को पेंशन राशि का एरियर के साथ भुगतान किया जाएगा।

**मेट्रो एंकर**

### विद्यार्थियों को किया गया पाठ पुस्तकों का निशुल्क वितरण

# स्कूल चले हम अभियान के दूसरे दिन बच्चों के अभिभावकों से शाला गतिविधियों की चर्चा की

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का 18 जून से शुभारंभ हो चुका है। शाला प्रवेश उत्सव के प्रथम दिन सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने चांदौन के स्कूल में तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांडिया में सहभागिता निभाई। इसी क्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने आईटीआई स्कूल, विधायक डॉ सीताशरण शर्मा ने कन्या स्कूल इटारसी में सिवनीमालवा विधायक श्री प्रेम शंकर वर्मा ने बघवाडा के स्कूल में पहुंचकर अपनी सहभागिता निभाई। इस दिन बच्चों को शाला में प्रवेश कराया गया तथा बच्चों को विशेष मध्यान भोजन दिया गया।



स्कूल चले हम अभियान के दूसरे दिन 19 जून को सभी शालाओं में अभिभावकों के साथ शाला गतिविधियों पर चर्चा की गई, जिसमें प्रमुख रूप से कक्षा वार विषय खंड, शैक्षणिक कैलेंडर, अध्ययन अध्यापन प्रक्रिया, अभिभावक शिक्षक बैठकों, सह शैक्षणिक गतिविधियों, शाला में उपलब्ध सुविधाओं आदि की जानकारी अभिभावकों को दी गई। कक्षा बार उपयोगी स्टेशनरी सामग्री की जानकारी अभिभावकों को दी गई और निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण विद्यार्थियों को किया गया।

स्कूल चले हम अभियान के तीसरे दिन गुरूवार 20 जून को भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजन किये जाएंगे, जिसमें जनप्रतिनिधियों, समाज के विभिन्न क्षेत्र के प्रसिद्ध, प्रभावशाली ,प्रबुद्ध एवं सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट हेतु आमंत्रित किया जाएगा। शाला में विद्यार्थियों से भेंट हेतु अन्य उच्च व्यक्तियों के लिए शाला चयन की ऑनलाइन सुविधा लिंक के द्वारा उपलब्ध रहेगी। शिक्षित , व्यक्ति किसी एक शाला का चयन कर विद्यार्थियों से भेंट हेतु जाएंगे। स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार , संस्कृति कर्मी समाजसेवी , उद्योगपति, उन्नत एवं सफल किसान, व्यवसायी मीडिया और संचार मित्रों, सैन्य और पुलिस अधिकारी, वरिष्ठ शासकीय अधिकारियों आदि के मध्य उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। आमंत्रित व्यक्ति इस दौरान विद्यार्थियों को पढाएंगे एवं शाला को उपयोगी वस्तुएं भेंट कर सकेंगे।



# गहरीकरण में चल रही है मनमर्जी, नपा के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



**गहरीकरण का निकला मलवा पहुँच रहा है नगर की कॉलोनियों में**

**नगर पालिका ने नहीं किया स्थान तय जगह-जगह चला रहे है जेसीबी**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
**नगर पालिका सिरोंज में अंधेर नगरी चौपट राजा की कहावत चरितार्थ हो रही है क्यो कि इन दिनों तालाब गहरीकरण का कार्य जोरो पर है और एक दर्जन से अधिक टेक्टर ट्राली और दों पोकलेन मषीन तालाब गहरीकरण के लिए चल रही है। आपको बता दे कि यह काम लगभग तीन से चार दिन से बराबर दिन रात गहरीकरण का कार्य चल रहा है। नपा ने यह किसी को ठेका नही दिया है यह तों जिसको कोपरा मिट्टी की आवष्यकता है वों यहा चल रही पोकलेन मषीन के ठेकेदार से बात कर के भरवा कर ले जा सकता है। वही आज हमारे संवाददाता जब तालाब ग्राउड मे हो रहे गहरीकरण कार्य के कवरेज करने पहूँचे तों वहा देखा कि वहा लगभग 8 टेक्टर ट्राली और दों पोकलेन मषीन तालाब के गहरीकरण के लिए चल रही है जों जगह जहग खोदकर कोपरा मिट्टी को टेक्टर ट्राली मे भर रहे है सूत्रो से जानकारी के अनुसार जिसकी कीमत 200 रू प्रति ट्राली ले रहे है और वहां पर नपा का न तों कोई कर्मचारी उपस्थित है और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी देखने वाला कि यह कहा खुदाई कर रहे है और कितनी गहराई कहा पर करना है। वही जब गत दिन पहले मषीन दूसरी जगह चल रही थी आज देखने मे दूसरी जगह चलती हुई दिखाई दी। देखा जाए कि नपा के जिम्मेंदार गहरीकरण के कार्य पर कोई ध्यान न देने के चलते जगह जहग खुदाई हो रही है एक तरफ से खुदाई का कार्य ठेकेदार द्वारा नही कराया जा रहा है।**



### सीधा कालोनायजरों को पहुँच रहा है फायदा

तालाब गहरीकरण की खुदाई में जों मलवा कोपरा और मिट्टी निकल रही है वों नगर की अनेक कालोनियों मे डाला जा रहा है। देखा जाए कि अगर किसी दूसरी जगह से एक कोपरे की ट्राली कालोनायजर डलवाते है तों वों 800 से लेकर 900 रूपये तक डलवाते है। यह गहरीकरण में से जों निकला कोपरा या मिट्टी की ट्राली 400 से 500 रूपये में डल रही है जिससे सीधा सीधा फायदा कालोनायजरों को पहुँचता दिखाई दे रहा है इस पर प्रषासन को कोई ध्यान नही है।

### गहरीकरण को लेकर नही हुई बैठक बना चर्चा का विषय

देखा जाए कि जल संरक्षण के लिए तालाब का गहरीकरण का कार्य जोरो षोरो से चल रहा है लेकिन विभागीय कर्मचारी और राजनेतिक लोग गणमान नागरिको को लेकर एक बैठक आयोजित की जानी चाहिए थी कि गहरीकरण कार्य और तालाब के अन्य कार्यो पर चर्चा होनी चाहिए थी कि तालाब में गहरीकरण के साथ और क्या कार्य किए जाने चाहिए लेकिन नपा प्रषासन ने बैठक आयोजित नही की गई जिससे नगर मे चर्चाओं का बाजार गर्म है और तरह तरह की बाते हो रही है।

### आखिर नपा क्यो नही करा रही है तालाब का सीमांकन

देखा जाए कि कई बीद्या का तालाब कुछ बीद्या में सिमट कर रह गया है तालाब के चारो और अतिक्रमण पनप रहा है जिससे तालाब बहुत ही छोटा हो गया है। गौरतलब हो कि गत वर्षो पहले सामाजिक कार्यकर्ता अषोक जैन खर्चा ने इस तालाब को अतिक्रमण से मुक्त करने का जिम्मा उठाया था और वह आमरण अनषन पर भी बैठ गये थे। तत्कालीन एसडीएम प्रवीण प्रजापति नें उनका अनषन खत्म कराते हुए नपा को पत्र जारी करते हुए 3 दिवस में सीमांकन कराने के निर्देष दिये थे वही एक व्यक्ति द्वारा न्यायालय से स्टे ले आए थे उसके बाद से ही आज तक सीमांकन नही हो पाया है और आज भी तालाब अतिक्रमण पसरा पडा हुआ है।

### तालाब सौंदर्यकरण कार्य भी अधूरा बना मजाक

करोडो की लागत से नपा द्वारा तालाब का सौंदर्यकरण का कार्य किया जाना है जों कार्य काफी दिनों से बंद पडा हुआ है जिसपर नपा के जिम्मेदार और जन प्रतिनिधियों ने आज तक ध्यान नही दिया है जिससे तालाब सौंदर्यकरण मजाक बनकर रह गया है लगभग कई वर्षो से तालाब सौंदर्यकरण का कार्य प्रारंभ होकर बंद हो जाता है जिसपर किसी भी जनप्रतिनिधि ने ध्यान नही दिया है जिससे तालाब सौंदर्यकरण का कार्य अधर मे पडा हुआ है।

## पाटन में पालकों के साथ शिक्षकों की बैठक बच्चों का कराया प्रवेश




**सिरोंज।** स्कूल चलो अभियान के तहत नवीन बच्चों का प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। अभियान 3 दिन तक चलेगा। शासकीय माध्यमिक शाला पाटन में एसएमसी एवं पालक शिक्षक संघ की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पालकों को शाला की गतिविधियों जैसे शैक्षणिक कैलेंडर ,बच्चों के अध्यापन से संबंधित रिकार्ड, की जानकारी देखकर बच्चों का प्रवेश कराया तथा शिक्षा के महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया गया साथ ही पुस्तक ,छात्रवृत्ति वितरण, गणवेश वितरण, साइकिल वितरण , एमडीएम वितरण आदि के बारे में विस्तार से बताया बाद में बच्चों को पुस्तकों का वितरण किया गया तथा सभी अभिभावकों से प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए आग्रह करते हुए कहा कि बच्चों को गृह कार्य हेतु नोटबुक खरीदने की समझाइष दी। षाला प्रभारी ललित कांत चौरसिया स्कूल चलो अभियान के बारे में प्रकाश डाला। इस दौरान शिक्षक महेश साहू, श्रीमती सेलिना कुजूर, नवल सिंह मालवीय, श्रीमती कांता मीना, श्रीमती रजनी साहू, श्रीमती मंजू शर्मा उपस्थित रही।

## सात प्रकरणों में जिला बदर की कार्यवाही

**सिरोंज।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने सात प्रकरणों में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के प्रतिवेदन पर जिन सात प्रकरणों में जिला बदर की कार्यवाही की गई है। उनमें अनावेदक मलखान सिंह रैकवार (भोई) पिता ऊधमसिंह उम्र 40 वर्ष निवासी तोपपुरा विदिशा, अनावेदक प्रकाश अहिरवार पिता कल्याण सिंह अहिरवार निवासी रंगियापुरा विदिशा तथा अनावेदक शाबिर कुरैशी पिता शंभू उर्फ शमीम कुरैशी निवासी हम्मालपुरा, लोहा बाजार विदिशा, अनावेदक राजकुमार अहिरवार पिता संदीप अहिरवार उम्र 25 साल निवासी गली नम्बर छह सुभाष नगर थाना सिविल लाइन विदिशा और अनावेदक सद्दाम मंसूरी पिता शकील मंसूरी निवासी लोहांगी विदिशा एवं अनावेदक विक्रम उर्फ बुददु सिंह पिता घूमन सिंह आयु 46 वर्ष निवासी परेवरा थाना कुरवाई, अनावेदक चित्तर सिंह अहिरवार पिता कंछेदीलाल अहिरवार आयु 28 साल निवासी छीरखेडा थाना कुरवाई सहित पूर्व उल्लेखितों के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही का आदेश जारी हुआ है।

## दो दिनों की छुट्टी और ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश होने पर, किसान खाद बीज लेने के लिए उमड़े

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



मानसून लेट होने के कारण अभी प्री मानसून की बारिश का दौरा प्रारंभ होने लगा है। सोमवार की रात्रि में कई ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी बारिश होने से किसान खरीफ फसल की बोनी की तैयारी में जुट गए हैं उन्हें उम्मीदें की जल्दी ही अच्छी बारिश का दौर प्रारंभ हो जाएगा इसके बाद हमें खरीफ फसल की बोनी करने के लिए काम समय मिलेगा इसीलिए दो दिनों की छुट्टी के बाद मंगलवार को बाजार में भारी चहल पहल किसाने की देखने को मिली मंडी में भी 8000 बोरो के करीब आवक दर्ज हुई दूसरी ओर खाद बीज तथा बीज उपचार की दवाई लेने के लिए कीटनाशक दुकानों पर किसानों की भीड़ भी देखने को मिली। वहीं प्राइवेट में कई खाद विक्रेताओं के द्वारा अधिक दामों पर खाद बेचने का काम किया जा रहा है। दूसरी ओर प्रमाणित बीच के लिए भी किसान परेशान हो रहे हैं गैर प्रमाणित बीज भी महंगे दामों पर परोसने का काम किया जा रहा है।

**विधायक के पत्र को भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं नपा एचओ और दरोगा**

## नपा की लचर व्यवस्था कब सुधरेगी, आम जनता को गंदगी से नहीं मिल पा रही मुक्ति

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

बरसात का दौर कभी भी प्रारंभ हो सकता है उससे पहले शहर के सभी छोटे-बड़े नाले नालियों की विशेष सफाई करने के लिए क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखा था तथा भाजपा की परिषद होने के बाद भी विधायक के पत्र के बाद भी शहर वासियों को गंदगी से छुटकारा मिलता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है या फिर यहां के नपा एचओ और दरोगा को विधायक के पत्र की ज्यादा चिंता नहीं है, तभी तो विशेष सफाई अभियान चलाने के नाम पर खाना पूर्ति कर दी गई है। शहर के अधिकांश नाले नालिया चौंक पड़ी हुई है सड़कों पर गंदगी तैर रही है। यह सब नालिया चौक होने के कारण हो रहा है या फिर कहीं गलियां बिन बरसात के तालाब में तब्दील हो रही है, गंदगी के बीच आम जनता को आना जाना पड़ रहा है। इसकी जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं शिकायतों के बाद भी सफाई नहीं करवाई जा रही है। गंदगी की वजह से सबसे दिक्कत महिलाओं तथा धार्मिक स्थान पर जाने वाले लोगों को हो रही है। पिछले दिनों ही नयापुरा की नाली और




नाला चौक होने के कारण गंदगी के कारण रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था इसके बाद हमारे संवाददाता की सूचना पर एसडीएम ने यहां की सफाई कराई थी। वहीं मुन्नालाल खरे वाली गली के हालात भी बहुत ज्यादा खराब नजर आ रहे हैं यहां पर पानी नहीं निकालने की वजह से गली में ऐसा लग रहा जैसे रात में बारिश हो गई हो इस वजह से सड़क पानी में डूब गई है पर पता चला कि घरों से निकलने वाला गंदा पानी निकल नहीं पा रहा है नाली चौक पड़ी है। इसलिए गंदगी सड़क पर तैर रही है सुबह से ही महिलाओं को इस गंदे पानी के कारण निकालने में कठिनाई हो रही थी कई लोग तो गंदे पानी में से ही जाने को मजबूर थे दूसरी तरफ से कोई रास्ता नहीं था कुछ लोग लंबी दूरी का रास्ता तय करके जाते हुए नजर आए ऐसे हालत शहर के अधिकांश क्षेत्रों में देखने को मिल जाएंगे जहां पर गंदगी होने के कारण नालियां और नाले चौंक पड़े हुए हैं।

बरसात में होगी आफत - समय रहते चौंक पड़े नाले नालियों की अच्छे से साफ-सफाई नहीं कराई गई तो बारिश का दौर शुरू होते ही आम जनता की परेशानियां सातवें में आसमान पर पहुंच जाएंगे पिछले साल भी लापरवाही के कारण पानी ने निकासी की समस्या उत्पन्न हुई थी उसको देखते हुए भी धरातल पर जिम्मेदार कार्य नहीं कर रहे हैं। विधायक के चेतावनी भरे पत्र के बाद भी नपा एचओ और दरोगा काम नहीं कर रहे हैं। तेज बारिश का दौर प्रारंभ होगा तो इनमें से पानी नहीं निकलेगा आसपास की बस्तियां तालाब में तब्दील हो जाएगी।

### इनका कहना है -

*मैं स्वयं नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी को लेकर शहर का भ्रमण करके देखूंगा इसके बाद तत्काल इनकी विशेष सफाई करवाई जाएगी।*

***हर्षल चौधरी*** *एसडीएम।*

**मेट्रो एंकर** — कार्यवाही करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के मौन को क्या समझा जाए?


## सरपंच पति सचिव के कृत्य से जपं भी हो रही है शर्मसार, विधायक की छवि भी हो रही धूमिल





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

ग्राम पंचायत चितवार में फर्जी बाड़ा कर के सरपंच सचिव के द्वारा निज स्वार्थ के चलते भुगतान की आशंका है, जिससे हजारों रुपये की चपत लगाई गई है। साफ-सफाई के नाम ग्राम पंचायत में हर तरफ बदबू मारते कचरे के ढेर नजर आते हैं,जनता की गाढ़ी कमाई को डकार ने बाले सरपंच सचिव को जनपद पंचायत में बैठे हुऐ जिम्मेदार अधिकारीयों का संरक्षण प्राप्त है देख कर तो ऐसा ही कुछ नजर आता है। कार्यवाही करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के मौन को क्या समझा जाये,सरपंच पति की सचिव द्वारा वेंडर आई डी बना कर हजारों रुपये का भुगतान किया गया है। सरपंच पति के डर की वजह से ग्रामवासी कोई शिकायत कर नहीं पाते हैं,सरपंच सचिव के इस कृत्य से जनपद पंचायत तो शर्मसार हो ही रही है, विधायक की छवि भी कम धूमिल नहीं हो रही है। लेकिन जनपद में बैठे हुऐ जिम्मेदारों के पास इतनी फुर्सत कहां कि वह अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और ग्राम पंचायत द्वारा वाउचर के माध्यम से किये गये भुगतान की जांच कर सकें। परंतु समस्या यह है कि यह पहल करे कौन,क्योंकि भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम पंचायतों की वजह से पूरा सिस्टम बदनाम हो रहा है चूंकि यह जांच का विषय है। क्योंकि दिनांक 13-6-2023, कलेक्टर को एवं दिनांक 20-6-2023, को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विदिशा, एवं पुनः 19-2-2024 को कलेक्टर विदिशा से ग्राम वासियों ने सरपंच एवं रोजगार सहायक राधे श्याम कुशवाह की लिखित शिकायत की थी परन्तु उक्त शिकायत को किसी भी अधिकारी द्वारा गंभीरता पूर्वक नहीं लिया गया।











# यूरो कप: आत्मघाती गोल ऑस्ट्रिया को पड़ा महंगा

**डसेलडोर्फ (जर्मनी), एजेंसी**

किलिएन एम्बाप्पे की कप्तानी वाली फ्रांस की टीम को यूरो कप 2024 के अपने पहले मुकाबले में ऑस्ट्रिया के खिलाफ किस्मत से जीत मिली। ग्रुप-ड़ी के इस मैच में ऑस्ट्रिया को आत्मघाती गोल महंगा पड़ गया और उसे फ्रांस के खिलाफ कड़े मुकाबले में 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, फ्रांस की टीम ने किसी मेजर टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में लगातार छठी जीत के साथ आगाज किया। वह यह कमाल करने वाली यूरोप की पहली टीम है।

**एम्बाप्पे की नाक पर लगी चोट:** मैच के दौरान फ्रांस के स्टार खिलाड़ी किलिएन एम्बाप्पे की नाक में चोट लग गई। बॉल छीनने की कोशिश में ऑस्ट्रिया के खिलाड़ी केविन डोंसो का कंधा एम्बाप्पे की नाक पर लगा। इससे उनकी नाक से खून निकलने लगा। एम्बाप्पे को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। रिपोर्ट के तहत, एम्बाप्पे की नाक पर लगी चोट गंभीर नहीं है लेकिन एहतियात के तौर पर वह शायद अब ग्रुप मैचों में नहीं उतरेंगे।

### वॉबर अपनी ही टीम के खिलाफ कर बैठे गोल

मैच के 38वें मिनट में ऑस्ट्रिया के 26 वर्षीय खिलाड़ी मैक्सिमिलियन वॉबर ने बड़ी गलती कर दी और अपने ही गोलपोस्ट में बॉल डाल बैठे। उनकी गलती का फायदा फ्रांस को मिला और उसने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

# टी-20 वर्ल्ड कप: इंग्लैंड ने सुपर-8 के दूसरे मैच में वेस्टइंडीज को हराया

## सॉल्ट का नाबाद अर्धशतक, बेयरस्टो के साथ नाबाद 97 रन की साझेदारी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड ने आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के दूसरे सुपर-8 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हरा दिया। सेंट लूसिया के डैरेन सैमी स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। वेस्टइंडीज ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 180 रन बनाए और इंग्लैंड को 181 रन का टारगेट दिया। जवाब में इंग्लैंड ने 17.3 ओवर में 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। फिल सॉल्ट टीम के टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 47 बॉल पर नाबाद 87 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 181 रन का टारगेट दिया। वेस्टइंडीज की ओर से जॉनसन चार्ल्स 38, रोवमेन पॉवेल 36, निकोलस पूरन 36 और शेरफेन रदरफोर्ड नाबाद 28 रन बनाकर आउट हुए। वहीं ब्रैंडन किंग 23 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर, आदिल रशिद, मोइन अली और लियाम लिविंगस्टोन को 1-1 विकेट मिला। 181 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत काफी अच्छी रही। सॉल्ट और जोस बटलर के बीच पहले विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी हुई। सॉल्ट ने नाबाद 87 रन बनाए। उनके अलावा जॉनी बेयरस्टो ने 26 बॉल पर नाबाद 48 रन की पारी खेली। सॉल्ट और बेयरस्टो तीसरे विकेट के लिए नाबाद 97 रन की पार्टनरशिप हुई। इंग्लैंड का दूसरा विकेट 11वें ओवर की पहली बॉल पर गिरा। आंद्रे रसेल को मोइन अली जॉनसन चार्ल्स के हाथों कैच कराया। मोइन ने 10 बॉल पर 13 रन बनाए। इंग्लैंड को पहला झटका 8वें ओवर की चौथी बॉल पर लगा चुका था। रोस्टन चेज ने जोस बटलर को आउट किया। जोस बटलर 22 बॉल पर 25 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं बटलर और सॉल्ट के बीच पहले विकेट के लिए 46 बॉल पर 67 रन की साझेदारी के बाद वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 181 रन का टारगेट मिला। वेस्टइंडीज की ओर से जॉनसन चार्ल्स 38, रोवमेन पॉवेल 36, निकोलस पूरन 36 और शेरफेन रदरफोर्ड नाबाद 28 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं ब्रैंडन किंग




23 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर, आदिल रशिद, मोइन अली और लियाम लिविंगस्टोन को 1-1 विकेट मिला। वेस्टइंडीज का चौथा विकेट 17वें ओवर की पांचवीं बॉल पर गिरा गया। आदिल रशिद ने ने आंद्रे रसेल को डीप मिडविकेट पर फिल सॉल्ट के हाथों कैच करा दिया। वेस्टइंडीज को तीसरा झटका 16वें ओवर की आखिरी बॉल पर लगा। निकोलस पूरन को जोफ्रा आर्चर ने विकेटकीपर जोस बटलर के हाथों कॉट बिहाइंड कराया। पूरन 32 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज को दूसरा झटका 137 रन के स्कोर पर लगा। लियाम लिविंगस्टोन ने 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर रोवमेन पॉवेल को मार्क वुड के हाथों को कैच आउट हो गए। पॉवेल ने पांच छक्कों की मदद से 17 गेंदों में 36 रन बनाकर लौटे गए थे। वेस्टइंडीज टीम के 100 रन पूरे हो चुके हैं। 12वें ओवर की आखिरी बॉल पर रोवमेन पॉवेल ने सिक्स लगाकर टीम का स्कोर 100 रन पार पहुंचाया। इस दौरान उनके साथ क्रीज पर निकोलस पूरन मौजूद रहे। वेस्टइंडीज का पहला विकेट 12वें ओवर की पहली बॉल पर गिरा। मोइन अली ने जॉनसन चार्ल्स को लॉन्ग-ऑन पर हैरी के हाथों कैच आउट हो गए। 12 ओवर के बाद टीम का स्कोर 102/1 है। आज का मुकाबला जीतने से सेमीफाइनल में जाने की दावेदार मजबूत होगी।

### आज अफगानिस्तान से भिड़ेगा भारत

भारत सुपर-8 के ग्रुप-1 में है, इस ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश और अफगानिस्तान भी हैं। तीनों टीमों के खिलाफ टी-20 रिकॉर्ड देखें तो भारत के सेमीफाइनल खेलने के चांस बहुत ज्यादा हैं। टी-20 वर्ल्ड कप में तो भारत कभी भी अफगानिस्तान और बांग्लादेश से हारा ही नहीं। टीम इंडिया का पलड़ा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी भारी है। भारत का पहला मैच आज ही अफगानिस्तान से बारबाडोस में होगा। टीम इंडिया को सेमीफाइनल में पहुंचना है तो सुपर-8 में तीनों मैच जीतने होंगे। टीम 2 मैच जीतकर भी नॉकआउट स्टेज में जगह बना सकती है, लेकिन इस कंडीशन में भारत को बाकी टीमों के नतीजों और रन रेट पर निर्भर रहना पड़ेगा।

**4 सेमीफाइनल खेल चुकी इंडिया**

टीम इंडिया ने अब तक 8 टी-20 वर्ल्ड कप में 4 बार सेमीफाइनल खेले हैं। 2022 में पिछले टूर्नामेंट में भी भारत ने सेमीफाइनल खेला, लेकिन चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ 10 विकेट से हार झेलनी पड़ गई। इसके अलावा 2007, 2014 और 2016 में भी भारत ने सेमीफाइनल खेला। 2016 में हार मिली, लेकिन बाकी 2 टूर्नामेंट के फाइनल तक सफर तय किया। टीम इंडिया अफगानिस्तान को भी कम नहीं आंक सकती, क्योंकि उन्होंने इस बार अपने सबसे मजबूत टीम उतारी है। अफगानिस्तान ने ग्रुप स्टेज में न्यूजीलैंड को हराया और कुल 3 मैच जीतकर सुपर-8 स्टेज में एंट्री की।

# निशानेबाज: पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश करने उतरेंगे

## पांच सदस्यीय शॉटगन टीम घोषित की गई



**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआइ) ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए पांच सदस्यीय शॉटगन टीम घोषित कर दी। इस टीम की अगुआई 37 वर्षीय सीनियर शूटर पृथ्वीराज टोंडाइमन करेंगे। टीम में दो पुरुष और तीन महिला निशानेबाजी को जगह दी गई है। पुरुष शूटरों में पृथ्वीराज टोंडिमन के अलावा अनंतजीत सिंह नरुका का नाम है। वहीं, महिलाओं में श्रेयसी सिंह, रेजा डिल्लन और राजेश्वरी कुमारी को शामिल किया गया है।

**उम्मीदों का भार**

पेरिस ओलंपिक में अनंतजीत सिंह नरुका और महेश्वरी चौहान स्कीट की मिक्स्ड टीम का हिस्सा होंगे। वहीं, रेजा डिल्लन और महेश्वरी चौहान महिला स्कीट में चुनौती पेश करेंगी। राजेश्वरी कुमारी महिला ट्रैप में निशाना साधेंगी। टीम में शामिल सभी पांच भारतीय पहली बार ओलंपिक में उतरेंगे और इनके लिए देश को पदक दिलान का दबाव होगा।

**महिला वनडे रैंकिंग: बल्लेबाजी में शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय**

# दो स्थान के फायदे संग तीसरे नंबर पर मंधाना

**दुबई. एजेंसी**

भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना को हाल में द. अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में शतक लगाने का फायदा आइसीसी की ताजा रैंकिंग में मिला है। मंधाना दो स्थान की छलांग लगाते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। मंधाना वनडे विश्व रैंकिंग में शीर्ष दस बल्लेबाजों में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। इंग्लैंड की नतालिया स्कीवर ब्रंट शीर्ष पर हैं। श्रीलंका की चमारी अटापट्टु शीर्ष स्थान से फिसलकर दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं।



**गेंदबाजी में दीप्ति एकमात्र भारतीय:** वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में स्पिनर दीप्ति शर्मा शीर्ष दस में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय हैं। दीप्ति चौथे पायदान पर स्थित हैं। वहीं, इंग्लैंड की स्पिनर सोफिया एक्सलटेन शीर्ष पर जबकि ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट दूसरे स्थान पर कायम हैं। दीप्ति शर्मा वनडे ऑलराउंडर की सूची में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय भी हैं। वह छठे स्थान पर कायम हैं। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की मारिजाना कैप पहले स्थान पर मजबूती से डटी हुई हैं।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

# अविका गौर को बॉडीगार्ड ने गलत तरीके से छुआ था, एक्ट्रेस बोलीं-उसने दो बार ऐसा किया

बॉलीवुड और टीवी एक्ट्रेस अविका गौर सेक्सुअली हैरेस हो चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने इस बात का खुलासा किया और बताया कि ये घटना तब हुई थी जब वो एक इवेंट के सिलसिले में कजाखस्तान गई थीं। उन्होंने बताया कि उनके ही बॉडीगार्ड ने उन्हें गलत तरीके से छुआ था। अविका ने एक पुरानी घटना का जिक्र करते हुए कहा, 'मुझे याद है कि किसी ने मुझे पीछे से छुआ था, जब मैं पीछे मुड़ी तो वहां केवल मेरा बॉडीगार्ड था। फिर एक बार मैं स्टेज पर जा रही थी, किसी ने मुझे पीछे से छूने की कोशिश की, जैसे ही मैं पीछे मुड़ी, मेरे बॉडीगार्ड के अलावा पीछे कोई नहीं खड़ा था। ये मेरे साथ दूसरी बार हो रहा था और अबकी बार मैंने आवाज उठाई।' अविका आगे बोलीं, 'ये बेहद शर्मनाक था। मैंने उस गार्ड का हाथ पकड़ लिया और उसकी तरफ देखा। फिर पूछा-क्या है? उसने तुरंत माफी मांग ली। इसके बाद मैं क्या करती? मैंने कुछ नहीं कहा। अविका ने कहा कि उस दौरान उन्हें समझ नहीं आया कि उन्हें क्या करना चाहिए था, लेकिन अब स्थिति बदल गई है, अब उन्हें पता है कि ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए। अविका बोलीं, अगर तब मेरे अंदर हिम्मत होती तो पीछे मुड़कर मैं उसे जोरदार जवाब देती, लेकिन अब मैं ऐसा कर सकती हूं मगर मैं नहीं चाहती कि



ऐसा मौका कभी आए।' अविका ने 2008 में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत टेलीविजन सीरियल बालिका वधू से की थी जिसके लिए उन्हें बेहद लोकप्रियता मिली। इसके बाद वह ससुराल सिमर का, मर्दानी और नॉन फिक्शन शो जैसे झलक दिखला जा (सीजन 5), खतरों के खिलाड़ी 9 में नजर आ चुकी हैं। 2013 में अविका ने फिल्मों का रुख भी किया। वह तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

# श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर लिखा, *दिल रख ले पर नींद वापस कर दे यार..*

एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। राइटर राहुल मोदी के साथ उनका नाम लंबे समय से जुड़ रहा है। कभी भी दोनों ने रिलेशनशिप पर खुलकर बात नहीं की। लेकिन एक्ट्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट को देखकर लगता है कि उन्होंने राहुल मोदी के साथ अपने रिलेशनशिप को कन्फर्म कर दिया है। श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर राहुल मोदी के साथ एक सेल्फी पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा है। एक्ट्रेस ने लिखा है- दिल रख ले...नींद तो वापस दे दे यार। बता दें कि यह पहला मौका जब एक्ट्रेस ने राहुल मोदी के लिए ऑफिशियल पोस्ट शेयर किया है। काफी लंबे समय से दोनों के अफेयर की खबरों ने सुर्खियां बटोरीं। दोनों को कई मौकों पर एक साथ देखा गया। दोनों को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन के लिए जामनगर जाते समय मुंबई एयरपोर्ट पर साथ देखा गया था। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इनकी फैमिली भी इनके रिश्ते से राजी हैं।



# सुनील शेट्टी को याद आए पिता, बोले-उन्होंने चावल की बोरियों पर सोकर दिन काटे



बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने अपने पिता के मुश्किल दौर के बारे में बात की है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि जब उनके पिता वीरप्पा शेट्टी 9 साल की उम्र में मंगलौर से भागकर मुंबई आए थे तो वो रेस्त्रां के बाहर सोते थे। टेबल साफ करते थे। धीरे-धीरे मेहनत के दम पर वो रेस्त्रां ओनर बने। कॉमेडियन भारती सिंह और उनके पति हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में सुनील शेट्टी ने कहा, च्मेरे पिता बचपन में घर से भागकर मुंबई आ गए थे। यहां आकर उन्होंने साउथ इंडियन रेस्त्रां में नौ साल की उम्र में काम करना शुरू कर दिया। उनकी पहली जॉब टेबल साफ करने की थी। उनके हाथ छोटे थे तो एक टेबल साफ करने में उन्हें चार चक्कर लगाने पढ़ते थे। वो चावल की बोरी पर सोया करते थे।

**पिता ने खरीद ली थी तीनों बिल्डिंग**

सुनील ने बताया कि मेहनत के दम पर उनके पिता काम में तरक्की पाते गए। सुनील बोले, उनके बॉस ने तीन बिल्डिंग खरीदीं और मेरे पिता जी को उन्हें मैनेज करने की जिम्मेदारी दी गई। जब बॉस रिटायर हो गए, पिता जी ने वो तीनों बिल्डिंग खरीद लीं और कैटरिंग का बिजनेस किया। मेरे पास अब भी वो तीनों बिल्डिंग हैं। इस तरह हमारी जर्नी शुरू हुई थी। सुनील के पिता का 2017 में निधन हो गया था।

**1992 में सुनील ने किया था बॉलीवुड डेब्यू**

सुनील ने भी पिता के कैटरिंग बिजनेस को कई सालों तक संभाला था। उन्होंने 1992 में फिल्म बलवान से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इसके बाद सुनील ने वक्त हमारा है (1993), पहचान (1993), दिलवाले (1994), मोहरा (1994), जैसी बेहतरीन फिल्में देते हुए खुद की पहचान बनाई। उनकी बेहतरीन फिल्मों में हेरा फेरी, धड़कन, ये तेरा घर ये मेरा घर, फिर हेरा फेरी भी शामिल हैं। भले ही सुनील हिंदी सिनेमा के एक्शन हीरो हैं, लेकिन उनके करियर का पहला अवॉर्ड उन्हें 2001 में फिल्म धड़कन में निगेटिव रोल निभाने के लिए मिला था।



**मेट्रो बाजार**

# महंगाई: कंपनियां बढ़ा रहीं रोजमर्रा की चीजों के दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी**

देश में बढ़ती महंगाई के बीच रोजमर्रा के सामान बेचने वाली कंपनियों ने आम लोगों की मुश्किल बढ़ा दी हैं। बीते दो-तीन महीनों में इन कंपनियों ने फूड और पर्सनल केयर से जुड़े प्रोडक्ट्स के दाम 2 से 17 फीसदी तक बड़ा दिए हैं। टाटा, डाबर और इमामी जैसी कंपनियों ने संकेत दिए हैं कि वे भी अपने प्रोडक्ट के दाम बढ़ाने जा रही हैं। कंपनियां इसकी मुख्य वजह कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी को बता रही हैं। ट्रेड डेटा और एनालिस्ट्स के अनुसार, कंपनियों ने साबुन-बॉडी वॉश के दाम 2-9 फीसदी, हेयर ऑयल के 8-11 फीसदी और चुनिंदा फूड आइटम्स के 3-17 फीसदी तक बढ़ा दिए हैं। सिक्युरिटीज ने एक नोट में लिखा है कि कंपनियां चालू वित्त वर्ष 2024-25 में दाम औसतन 1 फीसदी से 3 फीसदी तक बढ़ सकती हैं। वहीं, नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज का मानना है कि प्रोडक्ट्स की कीमतों के दाम फिर बढ़ सकते हैं। नेस्ले ने कॉफी की कीमतों में 8-13 फीसदी और मैगी ओट्स नूडल्स की कीमतों में 17 फीसदी का इजाफा किया है। आशीर्वाद गेहूं आटे की कीमतों में 4 फीसदी तक की बढ़ोतरी की है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने साबुन और डिटर्जेंट की कीमतों में 4-5 प्रतिशत की वृद्धि की है। कोलगेट ने पामोलिव बॉडी वॉश की कीमत एक अंक में बढ़ाई है। पीयर्स बॉडी वॉश में 4 फीसदी की बढ़ोतरी की है। ज्योति लैब्स के डिटर्जेंट ब्रांड्स ने चुनिंदा पैक्स पर 1-10 फीसदी की बढ़ोतरी की है। शैंपू की कीमतों में 4-6 फीसदी और स्किन केयर प्रोडक्ट्स की कीमतों में 4 फीसदी तक की वृद्धि की है। बीकाजी फूड्स ने अपने प्रोडक्ट के दाम 2-4 फीसदी बढ़ाने की बात की है। वर्ष 2022 से लेकर 2023 की शुरुआत तक



मार्जिन बनाए रखने के लिए कंपनियों ने कीमतें बढ़ाई थीं। इसके बाद कच्चे माल के दाम घटने से कंपनियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में कीमतें ब?ाने से परहेज किया। हालांकि, अब कच्चे तेल व पाम तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद दूध, चीनी, कॉफी, खोपरा और जौ जैसी अन्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी का रुझान है।

# टाटा मोटर्स ने 2 फीसदी तक बढ़ाए कॉमर्शियल गाड़ियों के दाम, 1 जुलाई से लागू होंगी नई कीमतें

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टाटा मोटर्स ने अपने सभी कॉमर्शियल व्हीकल्स के दाम 2 फीसदी तक बढ़ाने का ऐलान किया है। बढ़े हुए दाम 1 जुलाई 2024 से प्रभावी होंगे। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी है। टाटा मोटर्स ने बताया कि कमोडिटी प्राइस में बढ़ोतरी के चलते यह फैसला लिया गया है। कंपनी का कहना है कि कीमतों में बढ़ोतरी सभी कॉमर्शियल व्हीकल्स की रेंज पर लागू होगी और अलग-अलग मॉडल और वेरिएंट के अनुसार बढ़ोतरी अलग-अलग होगी। आज टाटा मोटर्स का शेयर 0.29 फीसदी गिरावट के साथ 983 रुपए के स्तर पर कारोबार कर रहा है। पिछले एक महीने में टाटा मोटर्स के शेयर में 3.40



फीसदी की तेजी देखने को मिली है। वहीं,पिछले 6 महीने में यह शेयर 34.93 फीसदी और एक साल में 73.77 फीसदी का रिटर्न दिया है। टाटा मोटर्स का वित्त वर्ष 2024 में मुनाफा 1000 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 31,807 करोड़ रुपए रहा। वित्त वर्ष 2023 में मुनाफा 2,689 करोड़ रुपए रहा था। 10 मई को टाटा मोटर्स ने चौथी तिमाही और सालाना नतीजे जारी किए थे। वहीं, चौथी तिमाही यानी जनवरी-मार्च के तीन महीनों में टाटा मोटर्स को सालाना आधार मुनाफा 218.93 फीसदी बढ़कर 17,528.59 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 5,496.04 करोड़ रुपए का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट दर्ज किया था।

# बेटे की चाह में बहू से मारपीट, सास पर पेट में लात मारकर गर्भपात कराने का आरोप

## हेड कांस्टेबल ससुर, पति समेत सास पर दहेज प्रताड़ना और मारपीट के लगाए आरोप

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भिंड के राधा कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने अपने पति समेत सास और ससुर पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि ससुर और पति द्वारा उससे मारपीट की गई थी, जबकि सास ने उसके पेट में लात मारी थी, जिससे उसका गर्भपात हो गया। महिला का आरोप है कि दो ससुर पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबल है। इसलिए पुलिस उसके और परिवार के खिलाफ शिकायत नहीं कर ही है। चांदनी पति जोवद खान ने पत्रकारवार्ता कर बताया कि उनकी शादी फूप जिला भिंड जावेद खान से 30 अगस्त 2009 में जावेद खान से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद तक सबकुछ ठीक चला फिर ससुर इरशाद अली के इशारे पर पति जावेद और सास आमना बेगम द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। ससुर इरशाद अली मौ थाने में हेड कांस्टेबल बतौर पदस्थ हैं।



### सास ने मारी पेट पर लात

पीड़िता का आरोप है कि 10 फरवरी 2023 को ससुर पति और सास द्वारा उससे मारपीट की गई थी। ससुर के कहने पर सास आमना बी ने उसके पेट पर लात मार दी। वह गर्भवती थी और पेट में लात लगने से उसका गर्भपात हो गया। पीड़िता का कहना है कि ससुराल पक्ष दो बेटियां होने से भी दुखी था और उन्हें बेटा चाहिए था। इसके लिए भी उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। घटना की शिकायत पीड़िता ने भिंड एसपी समेत वरिष्ठ अधिकारियों को पूर्व में की जा चुकी है, लेकिन ससुर पुलिस विभाग में पदस्थ हैं और उसके और पति समेत सास के खिलाफ पुलिस शिकायत दर्ज नहीं कर रही है।

# मेडिकल संचालक को नौकर ने लगाया 17 लाख का चूना

## दुकान का पैसा मालिक के अकाउंट में कम डलवाकर जमा पर्ची में बढ़ा देता था एक शून्य

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** दस नंबर मार्केट में शंकर मेडिकल स्टोर का संचालन करने वाले दुकानदार को उनके ही नौकर ने 17 लाख का चूना लगा दिया। दरअसल, मालिक ने दुकान की बागडोर आरोपी के हाथ दे दी थी। वह दुकान का लेना देना और दुकान में आने वाली रकम भी मालिक की खाते में जमा करवाता था। मालिक का ओवर ड्रॉफ्ट खाता था और उसमें मैसेज नहीं आता था। इसी का फायदा उठाकर आरोपी करीब 32 लाख रुपए अपने और रिश्तेदार के खाते में जमा करा लिए थे।




### 90 हजार की जगह 9 हजार करता था जमा

दयाशंकर और उनके भाइयों का मेडिकल का व्यवसाय हैं और अलग अलग दुकानें है। काम बड़ा होने के कारण दयाशंकर बाहर के काम देखते थे। बैंक में पैसे जमा कराने की जिम्मेदारी भी ट्वींकल थी। ट्वींकल दयाशंकर के खाते में रुपए जमा कराने जाता था और 9 हजार रुपए जमा कराने के बाद पर्ची में 90 हजार रुपए की राशि लिखकर दयाशंकर को थमा देता था। इस तरह वह बैंक में कम रुपए जमा कराते हुए मालिक को 32 लाख रुपए की चपत लगा चुका था। हालांकि दयाशंकर ने अपने 15 हजार रुपए आरोपी से ले लिए थे, बाकि के 17 हजार रुपए लौटाने में आरोपी आनाकानी कर रहा था और गत दिनों घर से फरार हो गया तो उन्होंने पुलिस को शिकायत की थी।

**यह है मामला :** गत दिनों मालिक को नौकर पर संदेह हुआ और उन्होंने नौकर से पूछताछ की। इसके बाद नौकर ने उन्हें 15 लाख रुपए लौटा दिए, लेकिन बाकि के 17 लाख रुपए हड़प कर आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने मालिक की शिकायत पर नौकर के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आकृति इकोसिटी निवासी दयाशंकर आमुदानी का दस नंबर मार्केट में शंकर मेडिकल नाम से दवा का व्यवसाय है। मूलत~ डबरा, ग्वालियर के रहने वाले दयाशंकर के गांव में रहने वाला ट्वींकल गुप्ता उनके साथ कारोबार में हाथ बंटाता था। गांव का होने के कारण दयाशंकर, ट्वींकल पर पूरा विश्वास करते थे और उसे अपने घर में बेटे की तरह रखे हुए थे।

# बिल अधिक आया, बुजुर्ग टीचर ने लाइनमैन को मारा थप्पड़



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित आचार्य नरेन्द्र देव नगर में बुधवार सुबह उस समय हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई जब घरों में बिजली मीटर की रीडिंग लेने गए लाइनमैन से एक बुजुर्ग टीचर का विवाद हो गया। दरअसल टीचर के घर का बिल अमूमन दो-ढाई सौ रुपए आता था लेकिन बुधवार सुबह रीडिंग में उनका बिल करीब 13 सौ रुपए दिखा रहा था। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और बुजुर्ग टीचर ने लाइनमैन के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने व मारपीट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आचार्य नरेन्द्र देव नगर निवासी मुश्ताक खान ( 58 ) प्राइवेट स्कूल में टीचर हैं। बुधवार सुबह बिजली विभाग के लाइनमैन अनिल सुमन ( 30 ) उस इलाके में मशीन से बिजली मीटरों की रीडिंग नोट करने गए थे। मुश्ताक खान के घर के मीटर की रीडिंग नोट करने पर करीब 13 सौ रुपए का बिल आ रहा था। मुश्ताक खान ने आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि अमूमन उनके घर का बिल दो या ढाई सौ रुपए तक आता है। इस बार इतना ज्यादा क्यों आ रहा है। कहीं कोई गड़बड़ है। इस पर लाइनमैन अनिल सुमन ने उन्हें समझाते हुए कहा कि गर्मी अधिक होने से पंखें व कूलर अधिक चले हैं। इसीलिए बिल अधिक आ रहा है। मुश्ताक खान को यह बात नागवार गुजरी और वह लाइनमैन से अभद्र व्यवहार करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने मारपीट कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। जमानतीय अपराध होने के कारण आरोपी मुश्ताक खान को थाने से जमानत दे दी गई थी।

# पत्नी से तलाक के 27 साल बाद लगाई बुजुर्ग ने फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित मॉडल ग्राउंड में 60 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगा ली। उनकी लाश मैकेनिक की दुकान में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। उनके पास से सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में उन्होंने पत्नी से दुखी होकर यह कदम उठाने के बात लिखी है। पुलिस ने सुसाइड नोट बरामद कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार मोहम्मद हसीब ( 60 ) इन दिनों मॉडल ग्राउंड में एक मैकेनिक की दुकान में रहकर अपना जीवन यापन कर रहे थे। करीब दो साल पहले वह मस्जिद में रहते थे फिर उनका परिचय यहां मैकेनिक की दुकान चलाने वाले सख्श से हो गया। वह शटर के अंदर रहते थे और यहीं खाने पीने की व्यवस्था मैकेनिक ने कर दी थी। बुधवार सुबह मैकेनिक की दुकान पर काम करने वाले वसीम अहमद दुकान खोलने पहुंचे थे। उन्होंने शटर उठाया तो अंदर मोहम्मद हसीब की लाश फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। वसीम अहमद ने मालिक और पुलिस को घटना की जानकारी दी। मोहम्मद हसीब ने बताया कि पिता से मां का तलाक 27 साल पहले हो चुका था। मां ने दूसरी शादी कर ली थी। उस समय वह दो साल का था। इसके बाद से उसका पिता से कोई लेना-देना नहीं था।

# ट्रैक्टर और चालक फरार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

खजूरी सड़क स्थित ग्राम कोडिया में रहने वाली 6 साल की बच्ची को घर के सामने कुचलने वाले ट्रैक्टर और चालक की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि ट्रैक्टर चालक और ट्रैक्टर की पहचान की जा चुकी है। परिजन अभी शोकाकुल है और उनका कहना है कि वह ट्रैक्टर और चालक को पहचानते हैं। ट्रैक्टर गांव में रहने वाले ही एक व्यक्ति का है। पुलिस के मुताबिक मनोज कुमार मालवीय गांव के कोटवार हैं। बुधवार सुबह बेटी कृतिका स्कूल गई थी। दोपहर करीब 2 बजे वैन चालक ने उसे घर के सामने सड़क की दूसरी तरफ उतारा। वैन से उतरने के बाद कृतिका घर जाने सड़क पार कर रही थी, तभी तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया। पुलिस का कहना है कि कृतिका ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई या फिर उसका पहिया कृतिका के शरीर से गुजरा यह कहना मुश्किल है। शव देखने पर कृतिका को सिर में ही चोट नजर आ रही है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

# सेज गोल्डन सिटी में युवक की हत्या मामले में पीएम रिपोर्ट का इंतजार

## शराब पार्टी के बाद विवाद में युवक से मारपीट, रात में सोया सुबह हो गई मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित सेज गोल्डन सिटी की निर्माणाधीन बिल्डिंग में मजदूरी करने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसका रात में कुछ परिचितों से शराब के नशे में विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने के बाद उससे कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। विवाद शांत होने के बाद मृतक सो गया था। सुबह उसकी नींद नहीं खुली। अस्पताल ले जाने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद हत्या का मामला दर्ज करेगी। पुलिस के अनुसार बिहारी बागड़ी पिता तेज सिंह बागड़ी ( 45 ) गांव फजलपुर, थाना मुंगावली, अशोक नगर में रहता था। वह परिवार के साथ सेज गोल्डन सिटी की निर्माणाधीन मल्टी में मजदूरी कर रहा था और पास ही झुग्गी बनाकर रह रहा था। परिजन ने बताया कि गांव के अन्य रिश्तेदार और अलग अलग जगह से आए मजदूर यहां झुग्गी बनाकर रह रहे हैं और निमार्णाधीन मल्टी में काम करते हैं। ठेकेदार पंद्रह दिन में एक बार पैमेंट देता है। रविवार को ठेकेदार ने पैमेंट की थी। पैमेंट मिलने के बाद बिहारी बागड़ी ने रिश्तेदारों और परिवार के साथ पार्टी की। जमकर शराब पीकर और खाया। इसी बीच किसी बात को लेकर बिहारी का रिश्तेदारों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट हुई और कुछ देर बाद विवाद शांत हो गया। सभी लोग अपनी अपनी झुग्गी में सो गए थे। सोमवार सुबह सभी लोग अपने अपने काम पर चले गए थे। परिजन को लगा कि बिहारी ने अधिक शराब पी हैं और वह देरी से सोकर उठेगा। लिहाजा वह भी काम पर चले गए?थे। दोपहर में काम से लौटे तो पता चला कि बिहारी अब भी सोया हुआ है। उसे उठाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई। इसके बाद उसे परिजन अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिहारी का शव पीएम के लिए मचूर्री में रखवा दिया था। मंगलवार सुबह उसके शव का पीएम कराया गया। पुलिस का कहना है कि परिजन से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

**मेट्रो एंकर** शराब कंपनी सोम डिस्टिलरीज में बाल श्रम का मामला

# बाल आयोग ने 48 घंटे में कलेक्टर-एसपी से मांगा जवाब, कंपनी के स्कूल व आश्रम पर भी उठाए सवाल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय बाल आयोग अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने रायसेन जिले के सेहतगंज में संचालित मेसर्स सोम डिस्टलरीज प्राइवेट लिमिटेड में बाल श्रम के मामले में रायसेन कलेक्टर और एसपी को पत्र लिखकर 48 घंटे के भीतर जवाब मांगा है। आयोग ने रेस्क्यू किए गए बच्चों को गायब करने के संबंध में आईपीसी की संबंधित धारा के तहत अलग-अलग एफआईआर दर्ज करने, एफआईआर की प्रति और अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ की गई कार्रवाई रिपोर्ट आयोग को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर भी जवाब मांगा है।

आयोग अध्यक्ष ने अपने पत्र में कहा है कि निरीक्षण के दौरान शराब कंपनी सोम डिस्टिलरीज में 59 बच्चों ( जिनमें से 39 लड़के और 20 लड़कियां थीं ) को काम करते हुए पाया गया था। इसके बाद, अधिकारियों की टीम ने बच्चों की पहचान की और उनसे बातचीत की और अधिकारियों की टीम को उनके द्वारा दिखाई गई मार्कशीट के आधार पर 20 लड़कियों में से 18 वर्ष से अधिक उम्र की एक लड़की की पहचान की। नाबालिग बच्चों से बातचीत के दौरान यह जानकारी मिली कि उन्हें एसओएम हाई स्कूल में देशी शराब बनाने के उद्देश्य से उक्त परिसर में लाया गया था। यह स्कूल एसओएम डिस्टिलरीज ( पी ) लिमिटेड द्वारा चलाया जाता है इसके अलावा, डिस्टिलरी में काम करने वाले कुछ बच्चों ने अपने फोन पर अपनी मार्कशीट भी दिखाई, जिसमें पता चला कि उक्त नाबालिगों का दाखिला एसओएम हाई स्कूल, रायसेन में हुआ था। इसलिए बच्चों से बातचीत के आधार पर यह आशंका है कि उक्त डिस्टिलरीज में काम करते पाए गए नाबालिगों को बच्चों को स्कूल ले जाने या खेलने की आड़ में परिसर में लाया गया होगा। परिसर का निरीक्षण करते समय, अधिकारियों की टीम ने डिस्टिलरी के भवन के बगल में एसओएम आश्रम के नाम से संचालित एक आश्रम देखा। इससे यह संदेह और बढ़ गया है कि क्या उक्त आश्रम से कुछ बच्चे लाए गए थे।

**अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं:** बाल आयोग ने कहा कि एसडीएम की लेटलतीफी के कारण कार्यावाही में देरी हुई। पूरे प्रकरण में आबकारी अधिकारी द्वारा मनगड़ंत और बाद में पेश की गई बातें पूरी तरह से अनावश्यक, गैरजिम्मेदाराना और मामले को रफा-दफा करने की बदनीयती से प्रतीत होती हैं। परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री ने घटना का संज्ञान लिया और उक्त आबकारी अधिकारी को निलंबित कर दिया गया। संबंधित एसडीएम के गैर-जिम्मेदाराना और गैर-पेशेवर कृत्य के कारण पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर सकी और आयोग को देर रात सूचना मिली कि सभी 39 नाबालिग लड़कों को परिसर से गायब कर दिया गया है।

आयोग ने पूछा है कि जेजे एक्ट धारा 78 को एफआईआर में क्यों नहीं लागू किया गया और उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई जो किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की प्रासंगिक धारा को लागू करने में विफल रहे।

### सोम डिस्टलरीज का लाइसेंस सस्पेंड

इधर मामले में मेसर्स सोम डिस्टलरीज प्रायवेट लिमिटेड लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है। अनियमितताओं के लिये मेसर्स सोम डिस्टलरीज प्रायवेट लिमिटेड सेहतगंज जिला रायसेन को स्वीकृत आसवनी अनुज्ञप्ति, विदेशी मदिरा बॉटलिंग अनुज्ञप्ति, देशी मदिरा बॉटलिंग अनुज्ञप्ति तथा देशी मदिरा थोक प्रदाय अनुज्ञप्ति मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत आगामी 20 दिन अथवा श्रम विभाग से प्रतिवेदन प्राप्त होने, जो भी बाद में आये तक निलंबित की गई है।

# संवेदनशील बनें: डीजीपी की प्रशिक्षु आईपीएस अफसरों को हिदायत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



भोपाल, दोपहर मेट्रो। पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना ने बुधवार को मध्यप्रदेश कैडर के प्रशिक्षु भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों के जिला प्रैक्टिकल प्रशिक्षण की समीक्षा की। मध्यप्रदेश कैडर के 75वें बैच के 6 आईपीएस प्रशिक्षु अधिकारी आदित्य पटले, अनु बेनीवाल, करनदीप, ओमप्रकाश, राहुल देशमुख एवं सर्वप्रिय सिन्हा समीक्षा बैठक में उपस्थित रहे। इन अधिकारियों के मेंटर अधिकारी दीपिका सूरी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ( प्रशासन ), सिद्धार्थ बहुगुणा उपपुलिस महानिरीक्षक ( गुप्तवार्ता ), रियाज इकबाल डीसीपी जोन-3, अमित सिंह एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था एवं डॉ. विनीत कपूर डीआईजी एवं पीएसओ टू डीजीपी भी समीक्षा के दौरान उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान संजय कुमार झा विशेष पुलिस महानिदेशक ( प्रशिक्षण ) ने इन प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा जिले में अभी तक प्राप्त प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की। डीजीपी सुधीर सक्सेना ने प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा की गई विवेचना तथा अन्य कार्यवाहियों पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की। समीक्षा उपरांत उन्होंने सभी अधिकारियों को बदलते परिवेश, नई तकनीक तथा नए आपराधिक कानूनों के अनुसार अपडेट रहते हुए एक संवेदनशील अधिकारी बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आपके प्रशिक्षण को मैं बहुत बारीकी से देख रहा था, आपने पूरे उत्साह और तन्मयता से प्रशिक्षण लिया है, यह मेरे लिए प्रसन्नता की बात है। हमें निरंतर नया सीखने के लिए तत्पर रहना चाहिए और देश भक्ति -जन सेवा के ध्येय को सार्थक करने के लिए जनहित में उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए।

# कानून के छात्रों ने सीखीं डायल 100 की बारीकियां

**भोपाल।** राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल- 100/112 भोपाल में देश के विभिन्न कॉलेज से आए 32 लॉ छात्रों ने भ्रमण किया। उनके साथ मप्र मानवाधिकार आयोग के रिसर्च ऑफिसर संजय विश्वकर्मा एवं उप पुलिस अधीक्षक राजेश गुरू भी थे। यह छात्र मध्यप्रदेश मानवाधिकार आयोग में इंटर्नशिप कर रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रेडियो विजय कुमार खत्री के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक डायल-100 बीना सिंह के निर्देशन में छात्रों को डायल-112/100 की टीम द्वारा इस सेवा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। सभी छात्रों को कॉलटेकर कक्ष एवं डिस्पेचर कक्ष का भ्रमण कराकर उनमें किसी प्राप्त सूचना पर होने वाली कार्यवाही से अवगत कराया गया। इसके साथ ही छात्रों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। छात्रों को एससीएमआरसी ( सीसीटीव्ही कन्ट्रोल रूम ) का भी भ्रमण कराया गया। भ्रमण कार्यक्रम के समय उप पुलिस अधीक्षक डायल-100 धर्मवीर सिंह, निरीक्षक रेडियो एमतिर्की आदि उपस्थित रहे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022